हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- ठंड में कोहरे के कारण हर दिन ट्रेन हो रही लेट
- लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए यात्रियों को करना पड़ रहा अधिक इंतजार
- दिल्ली और उत्तरप्रदेश की ओर से आने वाली ट्रेनों में कोहरे का साया अधिक



## ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस बेअसर, हर दिन दर्जनभर से अधिक ट्रेनें 4 से 5 घंटे लेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों पर लगा कोहरे का ग्रहण अब यात्रियों की नई समस्या बनी हुई है। इस वजह से यात्रियों को ठंड के बीच रेलवे स्टेशन में ट्रेन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कोहरे के कारण लंबी दूरी की ट्रेनें बीते दो सप्ताह से 3 से 4 घंटे विलंब से चल रही हैं। रेलवे ने लाखों रुपए की लागत से ट्रेनों में ▸▸ शेष पेज 11 पर

### दिल्ली और मुंबई की ट्रेन 3 से 7 घंटे तक लेट

पटरियों में कोहरे के कारण सप्ताह भर से दिल्ली और मुंबई रूट की ट्रेन विलंब से चल रही है। समरसता, मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस गुरुवार को 4 घंटे लेट रही। 1 दिसंबर को 12152 समरसता एक्सप्रेस 7 घंटे 50 मिनट विलंब रही। यह ट्रेन 11:10 को रायपुर पहुंचने की जगह 19:53 बजे पहुंची। यात्री लंबे समय तक प्लेटफार्म में ही इंतजार करते रहे। 2 दिसंबर को समता एक्सप्रेस तीन घंटे से अधिक विलंब रही। यह ट्रेन रायपुर 19:10 की जगह 22:40 को प्लेटफार्म में पहुंची। संपर्कक्रांति एक्सप्रेस दो घंटे लेट रही। इसके अलावा अहमदाबाद एक्सप्रेस 1 घंटे देर से पहुंची। सुबह की ज्यादातर ट्रेन 2 घंटे से अधिक विलंब चल रही है।

### डिवाइस का नहीं मिल रहा लाभ

जोन की लगभग सभी ट्रेनों में डिवाइस लगा हुआ है। कोहरे के समय ट्रेनों को चलाने में लोको पायलट का सिग्नल संबंधित समस्या न हो, इसलिए इसे लगाया गया है, लेकिन इसके बाद भी ट्रेन लेट हो रही है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी डिवाइस लगाने का लाभ यात्रियों को नहीं मिल रहा।

### वेटिंग हॉल भी फुल

ट्रेनों के विलंब होने से रेलवे स्टेशन का वेटिंग हाल भी इनदिनों यात्रियों से भरा हुआ है। जगह नहीं होने से कई यात्रियों को ठंड के बीच प्लेटफार्म पर ही ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह और रात के समय यात्रियों को दिक्कत अधिक हो रही है। दोपहर और शाम की ट्रेन 1 से 2 घंटे लेट है, तो वहीं सुबह की ट्रेन 5 से 6 घंटे तक लेट चल रही है।

रेंज साइबर सेल ने महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के नौ जालसाजों को किया गिरफ्तार

## जामताड़ा पार्ट टू...ऑनलाइन ठगी के नौ पकड़े गए, इनमें छग के छह

**पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट होल्ड कराकर 30 करोड़ रुपए फ्रीज कराए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

क्रिप्टो करंसी, शेयर ट्रेडिंग तथा दूसरे के नाम का ई-सिम अपने नाम पोर्ट कराकर ठगी करने वाले छह अलग-अलग मामलों में रेंज साइबर पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के नौ जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने पांच करोड़ 38 लाख रुपए की ठगी की है। ठगी के आरोप में पकड़े गए छत्तीसगढ़ के जालसाज रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा महासमुंद के रहने वाले युवक हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक इंजीनियर तथा एक आरटीओ एजेंट शामिल है।

रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक ठगी के आरोप में महाराष्ट्र, पुणे निवासी समीर थोरात, नासिक निवासी मयूरेश राजेंद्र गांगुर्दे, आकाश विलास भालेराव, खामगांव निवासी अजय तिडके, दुर्ग, कसारीडीह निवासी मेराज आलम, बिलासपुर, चुहियापारा निवासी नौशाद अंसारी, महासमुंद, ▸▸ शेष पेज 11 पर

### ई-सिम में पोर्ट कराकर ठगी

जालसाजों ने नवा रायपुर में पीडब्लूडी में उप अभियंता के पद पर पदस्थ चमन लाल साहू के साथ ठगी करने उनके जियो के सिम को ई-सिम में पोर्ट कराकर नए पैटर्न से ठगी करने की घटना को अंजाम दिया है। दुर्ग तथा बिलासपुर के जालसाज मेराज आलम तथा नौशाद अंसारी ने इस नए पैटर्न में ठगी की है। जासलाजों ने सिम पोर्ट कराने के बाद उप अभियंता के अकाउंट में सेंध लगाते हुए आठ लाख 86 हजार उड़ाए थे।

- चार करोड़ 21 लाख वापस दिलाने की प्रक्रिया
- अन्य लेयर के खातों में जमा रकम की विश्लेषण के बाद होगी वापसी



### जालसाजों में इंजीनियर से लेकर आरटीओ एजेंट तक शामिल

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार जालसाजी के आरोप में छत्तीसगढ़ के जो जालसाज पकड़े गए हैं, उनमें से ज्यादातर पूर्व में सट्टा संचालित करने के साथ अन्य तरह की ठगी के आरोप में पकड़े गए हैं। गिरफ्तार आकाश विलाश भालेराव ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। समीर थोराट पेशे से आरटीओ एजेंट है।

### बायोमेट्रिक आधार लॉक कराया

अभियंता अपने लिए जल्द नया सिम हासिल न कर पाए इसके लिए जालसाजों ने सिम पोर्ट कराने के बाद अभियंता के बायोमेट्रिक आधार नंबर को लॉक करा दिया। इस बात की जानकारी अभियंता को जिओ के कस्टमर केयर में जाने के बाद मिली। अभियंता को अपने बायोमेट्रिक आधार का लॉक खुलवाने में 10 दिन से ज्यादा समय लगा। इसके बाद अभियंता को दूसरा सिम अलॉट हुआ, तो उसे अपने साथ ठगी की जानकारी मिली। रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक जालसाजों ने अभियंता के सिम को कैसे ई-सिम में पोर्ट कराया, इसकी जानकारी जालसाजों के अन्य साथियों के पकड़े जाने पर मिलने की बात कही।

### 22 करोड़ से ज्यादा की ठगी

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार जालसाजों ने जुलाई से लेकर अब तक 41 ठगी के मामलों में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ठगी के इन मामलों में रेंज साइबर पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट में जमा 30 करोड़ रुपए होल्ड कराने में कामयाबी हासिल की है। रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक ठगी के मामलों में चार करोड़ रुपए पीड़ितों के अकाउंट में ट्रांसफर कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। जालसाजों के अकाउंट में शेष जमा रकम विश्लेषण करने की बात कही।

नशीली दवाओं पर ज्वाइंट एक्शन

## तीस मेडिकल स्टोर्स में ताबड़तोड़ छापे, चार फंसे





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नशीली दवाओं की बिक्री रोकने औषधि एवं पुलिस विभाग ने अभियान छेड़ दिया है। सोमवार को रायपुर जिले के तीस दवा दुकानों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। चार दुकानों में नशीली दवा मिली, जिसमें से एक बिना डाक्टरी पर्ची के दवा बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा गया। इनके खिलाफ ड्रग एक्ट और कानूनी कार्यवाही की गई है। ▸▸ शेष पेज 11 पर

- 25 ड्रग इंस्पेक्टर, 11 एएसआई, 30 आरक्षकों की टीम का संयुक्त अभियान

### यहां मिली लापरवाही

1. रायपुरा के जय दुर्गा मेडिकल स्टोर्स में बिना डाक्टरी पर्ची के दवा की बिक्री
2. चंगोराभाठा के दिनेश मेडिकल स्टोर्स में नारकोटिक्स की दवा लोखा जोखा नहीं
3. खरोरा के श्री मेडिकल स्टोर्स में नशे में उपयोग होने वाली दवा मिली, दस्तावेज नहीं
4. खरोरा के गुजरात मेडिकल स्टोर्स में विभिन्न तरह नारकोटिक्स दवा मिली कागज नहीं

**लाइसेंस रद्द या निलंबन:** अधिकारियों के मुताबिक जिन दवा दुकानों में नशीली दवाओं का बिना दस्तावेज स्टॉक मिलता है। अथवा बिना डाक्टरी पर्ची के बिक्री करते पाए जाते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पहले दिन के अभियान में जिन दवा दुकानों में अनियमितता पाई गई है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के बाद लायसेंस रद्द करने अथवा निलंबित करने की कार्यवाही की जाएगी। इन दवा दुकान के संचालकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।




# ई-केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों का आवंटन रुका, नाम काटने की प्रक्रिया भी जल्द होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ई-केवाईसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड के सदस्यों को अब राशन नहीं मिलेगा। ऐसे सदस्यों का आबंटन जारी नहीं किया जा रहा है, जिससे इन सदस्यों को राशन दुकानों में खाद्यान्न भी नहीं मिल पा रहा है। रायपुर जिले में ईकेवाइसी नहीं कराने वाले कार्ड सदस्यों की संख्या 4 लाख 36 हजार से अधिक है। इधर विभागीय सूत्रों का कहना है कि केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का फिलहाल आबंटन रोका गया है, अगर दिसंबर तक केवाइसी नहीं कराएगा, तो इनके कार्ड से नाम भी काट दिए जाएंगे। हालांकि खबर यह भी है कि केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम कटने भी शुरू हो गए हैं। हालांकि अभी उन्हीं सदस्यों के नाम काटे जा रहे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या फिर लंबे समय से राज्य छोड़कर जा चुके हैं।

## फरवरी 2023 से जारी है केवाइसी का कार्य

वन नेशन वन योजना के तहत कार्ड के प्रत्येक सदस्य को ईकेवाइसी कराना अनिवार्य किया गया है। इस केवाइसी कराने से कार्ड सदस्य का सत्यापन किया जा रहा है कि वह जीवित है, या फिर वह एक से अधिक कार्ड का सदस्य नहीं है। केवाइसी का कार्य फरवरी 2023 से चल रहा है। भारत सरकार कार्ड सदस्यों की संख्या को देखते हुए लगातार केवाइसी कराने की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। इसके बाद भी जिले में अब तक 4 लाख 36 हजार से ज्यादा सदस्यों ने अपना केवाइसी नहीं कराया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार केवाइसी कराने की तारीख 31 अक्टूबर तय की गई थी, लेकिन लाखों सदस्य अब तक केवाइसी नहीं करा पाए है। इसे देखते हुए अब विभाग भी केवाइसी नहीं कराने वालों पर सख्त रवैया अपनाते हुए उनका आबंटन जारी करना बंद कर दिया है।




## जिले में केवाईसी का प्रतिशत

*जिले में अब तक 90.15 प्रतिशत सदस्यों ने ई-केवाईसी कराया है। इन सदस्यों द्वारा केवाइसी क्यों नहीं कराया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा राशन दुकान संचालकों से जानकारी मांगी जा रही है। सबसे पहले जिन सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है या फिर राज्य छोड़कर जा चुके हैं। ऐसे सदस्यों के नाम की लिस्ट तैयार करने कहा गया है। इस लिस्ट के अनुसार ही इन सदस्यों के नाम भी कार्ड से काटे जा रहे हैं। हालांकि जिलेभर के सैकड़ों राशन दुकान संचालकों द्वारा यह लिस्ट विभाग को उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके कारण सदस्यों के नाम काटने की प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है।*

### मृत्यु या राज्य छोड़कर जा चुके सदस्यों की सूची मांगी गई

जिले में अब तक 4 लाख से अधिक सदस्यों द्वारा ईकेवाइसी नहीं कराया गया है। राशन दुकान संचालकों को केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों की सूची तैयार करने कहा गया है। इस सूची में मृत्यु हो चुकी या राज्य छोड़कर जा चुके सदस्यों के नाम की जानकारी अलग से देने कहा गया है। इसके आधार पर कार्ड से नाम भी काटे जा रहे हैं।

\- भूपेंद्र मिश्रा
जिला खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप




### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस आज, साइंस कॉलेज में कार्यक्रम

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर दोपहर 12 से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। राज्यस्तरीय समारोह में अति विशिष्ट अतिथि में सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेश मूणत, गुरू खुशवंत साहेब, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू उपस्थित रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह के अवसर पर राज्य भर से लगभग पांच हजार दिव्यांगजन शामिल होंगे।

### रायपुरा रिंगरोड से महादेवघाट तक सड़क से हटाए अवैध कब्जे



**रायपुर।** राजधानी रायपुर की सड़कों को सुगम बनाने की दिशा में सोमवार को जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रायपुरा रिंगरोड से लेकर महादेवघाट तक की सड़क को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। इस दौरान टीम ने सड़क के दोनों ओर लगे 30 से अधिक ठेले-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 15 दुकानों के सामने नाले पर कब्जा कर बनाए गए पक्के अवैध पाटे भी थ्रीडी मशीन से तोड़े गए।

### शीतलहर से बचाने अनेक स्थानों में जलाए अलाव



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। इसके तहत अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ऑटो स्टैंड सहित कई जगहों पर रात के समय अलाव जलाए जा रहे हैं। अलाव जलने से यात्री और बेघर लोगों को ठंड से काफी राहत मिल रही है।

### बढ़ने लगी ठंड, स्कूलों के समय में बदलाव की उठी मांग

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान का असर खत्म होते ही प्रदेश में बढ़ने वाली ठंड को देखते हुए सुबह की पाली में लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से शालाओं के समय में परिवर्तन करने की मांग की है। सरगुजा, बस्तर संभाग के अलावा मैदानी क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव देखा जा रहा है। दिन छोटा होने के कारण स्कूल से लौटते छात्र अंधेरे में घर पहुंच रहे हैं, जो असुविधाजनक है। सुबह की पाली में अधिकांशतः छोटे बच्चों की शालाएं लगती हैं। बढ़ती ठंड उनके सेहत पर विपरीत असर डाल सकती है। वर्तमान में प्रदेश में चक्रवात के कारण तापमान न्यूनतम स्तर पर जा रहा है। आने वाले समय में ठंड के और बढ़ाने की संभावना है। इसके अलावा वर्तमान में दिन की अवधि छोटी हो रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक पाली की शालाओं को प्रातः 11 बजे से 3.30 बजे तक और दो पाली की शालाओं को प्रथम पाली प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की शालाओं को 12.30 से 4 बजे तक संचालित किया जाने की मांग की है।

## कांग्रेसी आज जाएंगे धान खरीदी केन्द्र



**रायपुर।** धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की समस्याओं को उजागर करने तथा समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यान आकर्षित करने कांग्रेस मंगलवार से धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस नेता प्रदेश की सोसाइटियों में निरीक्षण करने जायेंगे, किसानों से चर्चा करेंगे। वरिष्ठ नेताओं को जिलेवार जिम्मेदारी दी गयी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा है, धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था, बारदानों की कमी तथा टोकन के लिये सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशों तथा मिलरों द्वारा धान का उठाव नहीं करने के कारण किसान परेशान हैं। सरकार धान खरीदी सुचारू रूप से चलाने का झूठा दावा कर रही है। सरकार किसानों को तथा समस्या उठाने वालों को धमकाने के बजाय कमियां दुरुस्त करे। सरकार द्वारा घोषित लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होना असंभव है। 3 दिसंबर को खरीदी केंद्र का निरीक्षण के बाद ब्लॉक मुख्यालय तिल्दा में जिला रायपुर की जिला स्तरीय संविधान रक्षक दिवस मनाया जाएगा। यह कर्यक्रम दूसरे दिन 4 दिसंबर को अभनपुर एवं सेजबहार, खोरपा धान खरीदी केंद्र में भी होगा। इसके बाद तीसरे दिन 5 दिसंबर को खरोरा एवं आरंग में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करेंगे। बैठक में धान खरीदी के प्रभारी धनेंद्र साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, उधोराम वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## गो-धाम के नाम से जाने जाएंगे प्रदेश में बनने वाले गो-अभ्यारण्य

# गोशालाओं को प्रति मवेशी दी जाने वाली अनुदान की राशि 10 रुपए बढ़ाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गोशालाओं को प्रति मवेशी दी जाने वाली अनुदान की राशि में 10 रुपए की वृद्धि करते हुए इसे 25 से बढ़ा कर 35 रुपए करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ में जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने नई जिम्मेदारी मिलने पर छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर पटेल को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगाए गए गो-उत्पादों के स्टालों का अवलोकन भी किया। समारोह में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा, गो माता हमारी समृद्धि का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि गो माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा, गो अभ्यारण्य को गो-धाम कहना उचित होगा। राज्य सरकार द्वारा जगह जगह गो-धाम बनाने का निर्णय किया गया है।




### बेमेतरा और कवर्धा में बन रहा गाो-धाम

बेमेतरा जिले के झालम में 50 एकड़ में गो-धाम बनकर तैयार है, जल्द ही इसका उदघाटन किया जाएगा। इसी तरह कवर्धा जिले में 120 एकड़ में गो-धाम बनाने का काम तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और छत्तीसगढ़ के देवभोग ब्रांड को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि गो माता सुरक्षित रहें। गो तस्करी और गो हत्या पर पाबंदी लगाने के लिए सख्ती से कदम उठाए जा रहे हैं।

### गौ-माता का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा, गो-माता हमारी कृषि अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक है कि हम गो-माता के लिए अपने घर में जगह बनाएं, गो-पालन करें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेश में विष्णु का सुशासन है। पीएससी घोटाले और भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त करवाई की जा रही है। राज्य सरकार गुजरात के अमूल की तर्ज पर पशुपालन को समाज और परिवार की आर्थिक तरक्की का जरिया बनाएगी।

### ये थे मौजूद

छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने आयोग के कार्यों और भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर, संत राम बालक दास, संत राजीव लोचन महाराज, आचार्य राकेश, दीदी प्रज्ञा भारती, साध्वी गिरिजेश नंदिनी, पवन साय, रामप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज, राज्य गो सेवा आयोग के रजिस्ट्रार डॉ. समीर शर्मा भी उपस्थित थे।

## निगम के अधिकारी-कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर महापौर-आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर के अधिकारी-कर्मचारी एकता संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, सभापति प्रमोद दुबे को ज्ञापन सौपा है। **कैश लैस कार्ड में 25 लाख रुपए की सुविधा देने की मांग :** एकता संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों में सबसे पहले अधिकारी-कर्मचारियों के त्वरित इलाज के लिए कैश लेस कार्ड की राशि में बढ़ोतरी किए जाने की मांग की है। कैश लैस कार्ड में उपचार के लिए अब तक 15 लाख रुपए तक राशि की सुविधा दी जा रही है, जिसे बढ़ाकर 25 लाख रुपए किए जाने की मांग संघ ने की है। इसके अलावा पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए, साथ ही अपने उच्चतर शिक्षा ग्रहण एवं अन्य परीक्षा आदि में शामिल होने वाले कर्मचारियों के आवेदन पर शीघ्र विचार कर नियमानुसार अनुमति व अनापत्ति प्रदान किया जाए। मृत अधिकारी एवं कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को शीघ्र ही अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए, निगम में ठेका पद्धति समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को सीधे निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान किया जाए तथा ठेका में कार्यरत कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि का भुगतान किए जाने की मांग की है।

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र होगा हंगामेदार कानून व्यवस्था और शराब के मुद्दे उठेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। कांग्रेस लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मुद्दे उठाएगी, इसके अलावा धान खरीदी, शराब एप समेत कई मुद्दों पर सियासी घमासान हो सकता है। सत्र के लिए सदस्यों ने कुल 814 सवाल लगाए हैं। 28 नवंबर तक लगे सवालों को विभागों को जवाब के लिए भेजा गया है। विधानसभा का यह सत्र 16 से 20 दिसंबर तक आहूत की गई है, चार बैठकें इस दौरान होंगी।

शीतकालीन सत्र के दौरान लगे सवालों में गृह विभाग की कार्रवाईयों और कानून व्यवस्था के अलावा अन्य विभागों के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं। विधायकों द्वारा लगाए गए सवालों में राजस्व विभाग के कई मामले पर सवाल लगे हैं, इनमें अमलीडीह की जमीन का आबंटन रद्द कर बिल्डर को देने, संभागों में राजस्व प्रकरणों के निपटारे में कोताही जैसे मामलों में कई सवाल लगे हैं। वहीं धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, टोकन सिस्टम और कस्टम मिलिंग को लेकर सवाल लगे हैं। लोक निर्माण और नगरीय निकाय विभाग में सड़क के संधारण और स्वीकृति के मामले में सवाल लगे हैं। जल जीवन मिशन के टेंडर और अब तक कार्य अधूरा होने को लेकर कई विधायकों ने सवाल उठाए हैं।




चार दिन की बैठक के लिए लगे कुल 814 सवाल

### 20 से 28 नवंबर तक लगे सवाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए 20 से 28 नवंबर तक एक सप्ताह सवाल लगाने का मौका विधायकों को दिया गया था। सत्र के लिए अधिकांश विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए। केवल दो सवाल ऑफलाइन तरीके से दिए गए हैं। सवाल लगने के बाद अब विधायक ध्यानाकर्षण और अन्य सूचनाओं के संबंध में विधानसभा सचिवालय मे सवाल लगा सकते हैं। वहीं चार दिन के सत्र के दौरान विपक्ष सत्र के दौरान स्थगन प्रस्ताव के माध्यम उठाएंगे।

### सत्र में होगी कुल चार बैठकें

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कुल चार बैठकें होंगी, इसमें वित्तीय और शासकीय कार्य को संपादित किया जाएगा। वित्तीय कार्य में अनुपूरक बजट से जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। वहीं राज्य सरकार कुछ विधेयक भी इस दौरान लाएगी।

# भूपेश बोले- भाजपा में बयान देने वाले नेताओं की कमी वेतनमान वाले सलाहकार सरकार चला रहे हैं क्या?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीएम के सलाहकार पंकज झा के बयान पर कहा, भाजपा और सरकार के बयान देने वाले नेताओं की हो गई है कमी, सरकार के वेतनमान वाले सलाहकार सरकार चला रहे हैं क्या? मुझे कांग्रेस पार्टी ने सब कुछ दिया है। साय सरकार को मेरी नहीं अपनी चिंता करनी चाहिए। मुझे युवा, महिला, मजदूर, किसान सभी संगठन के लोग आमंत्रित कर रहे हैं। मैं सभी संगठनों के सम्मेलन में शामिल होता रहूंगा।

- युवा मितान क्लब के सम्मेलन में गया, इसका मतलब यह नहीं कांग्रेस से असंतुष्ट

उन्होंने कहा, राजीव युवा मितान क्लब को लेकर कहा, हमारी सरकार के समय युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने के लिये यह बनाया गया था, भाजपा ने भंग कर दिया। युवा खाली हैं। उनका सम्मेलन था। एक ही मीटिंग से भाजपा तिलमिला गयी। गोठानों को भंग कर दिया। गोठान समितियां महिला स्व सहायता समितियां भी सम्मेलन करने वाली है, मुझको बुलायेगी वहां भी जाऊंगा। इसका मतलब वहां भी नया पार्टी बनाने जाऊंगा। कांग्रेस पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया, सम्मान दिया, पीसीसी अध्यक्ष बनाया, मुख्यमंत्री बनाया। अनेक बार मंत्री बनाया, लोकसभा, विधानसभा सभी का टिकट दिया। हर बड़े चुनाव में जिम्मेदारी मिलती है ऑबजर्वर बनाते हैं मैं क्यों असंतुष्ट रहूंगा?



### बीजेपी में अशांति है, उनके कई बड़े नेता खाली बैठे हैं

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ये जो पेमेंट शीट में जो रखे हैं, वो ऐसी बातें फैला रहे हैं। बीजेपी में अशांति है, बीजेपी के तमाम बड़े नेता खाली बैठे हैं। प्रेम प्रकाश पांडे, बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल सब खाली बैठे हैं। ये कौन सलाहकार है, कहां का रहने वाला है? छत्तीसगढ़ की सरकार बिहार से चलेगी। बीजेपी में इतना राजनीतिक अकाल पड़ गया है। राजनीतिक बयान राजनीतिक व्यक्ति दे तो कोई बात है, क्या बीजेपी में इतना अकाल पड़ गया, कि विष्णुदेव साय के पक्ष में कोई बोलने वाला नहीं है। तनख्वाह में रखे गए लोग बोलेंगे, संतोष पांडे के बयान पर कहा, वो लोहारीडीह चले जाएं, लोहारीडीह के मामले को संसद में कब उठाएंगे?

### गो सेवा आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति पर उठाए सावल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विशेषर पटेल की नियुक्ति पर खड़ा किया सवाल खड़े किया। उन्होंने कहा, जिसे रमन सरकार में हटाया गया उसे दोबारा अध्यक्ष बनाया गया। विशेषर पटेल के कार्यकाल में हुई थी सैकड़ों गायों की मौत, गोशालाओं में अनुदान घोटाला का आरोप लगा था।

### भाजपा ने असंवैधानिक अध्यादेश जारी किया

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ होने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, संविधान को भाजपा मानती नहीं है। संविधान में है कि 6 माह पहले चुनाव करा सकते हैं, 6 माह चुनाव टाल नहीं सकते। भाजपा ने असंवैधानिक अध्यादेश जारी किया है। अब तक मतदाता सूची प्रकाशित नहीं कर पाए। अब तक आरक्षण तय नहीं कर पाए हैं। सरकार निकाय चुनावों को टालना चाहती है।

## रायपुर शहर और ग्रामीण का जिम्मा पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को

# भाजपा के संगठन चुनाव के लिए 17 पर्यविक्षकों की नियुक्ति, आज से मंडल अध्यक्षों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथों कमेटियों के गठन के साथ ही अब मंगलवार से मंडल अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ होगा। इसके बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव होगा। प्रदेश संगठन ने चुनाव के लिए प्रदेश भर के जिलों के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। रायपुर शहर और ग्रामीण के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को पर्यवेक्षक बनाया गया है। सोमवार को सभी जिलों में कार्यशाला का आयोजन करके चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए सबसे पहले राज्यों में चुनाव कराए जा रहे हैं। अपने प्रदेश में भी चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण में बूथ कमेटियां का चुनाव हो रहा है। वैसे तो सभी बूथों में 30 नवंबर तक चुनाव हो जाना था, लेकिन अब तक 70 फीसदी बूथों में ही चुनाव हो पाने के कारण पांच दिसंबर तक समय बढ़ाया गया है। अब 3 से 15 दिसंबर तक पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके लिए दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला की गई है। इसमें जिलों के चुनाव प्रभारियों ने चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी है।

### किसको कहां का जिम्मा

मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए प्रदेश संगठन ने दो से तीन जिलों के लिए एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। रजनीश सिंह को कोरिया, मनेंद्रगढ़, राजा पांडे को बस्तर, कोंडागांव, भूपेंद्र सवन्नी को रायगढ़, जशपुर, अनुराग सिंहदेव को दुर्ग, भिलाई, सौरभ सिंह को कोरबा, सूरजपुर, संजय श्रीवास्तव को बलौदाबाजार, धमतरी, जगदीश रामू रोहरा को कवर्धा, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गड़ई, रामजी भारती को महासमुंद गरियाबंद, भरत वर्मा को कांकेर, बालोद, विकास मरकाम को नारायणपुर, सुकमा, भीमसेन अग्रवाल को राजनांदगांव, मोहला मानपुर, शंकर लाल अग्रवाल को बिलासपुर, गोरेला पेड्रा-मरवाही, निरंजन सिंहा को मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़, नारायण चंदेल को रायपुर शहर और ग्रामीण, रामसेवक पैकरा को जांजगीर-चांपा, सक्ती, अशोक बजाज को बीजापुर, दंतेवाड़ा और नरेश नंदे को सरगुजा और बलरामपुर का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# जनता द्वारा महापौर, पालिका अध्यक्ष चुनने के कैबिनेट के फैसले का किरण देव ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में अब महापौर और नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष सीधे चुने जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करके मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और प्रदेश सरकार की कैबिनेट को धन्यवाद दिया है।

श्री देव ने कहा, प्रत्यक्ष चुनाव की यह प्रणाली पहले भी थी लेकिन कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने बदनीयती से इसको बदला था और उस बदनीयती का भुगतान सभी जगह जनता कर रही है। रायपुर ने भी इसका बहुत भुगतान किया। यहां के महापौर अपने पूरे कार्यकाल में निष्क्रिय रहे। वे थोपे गए महापौर थे। उन्हें जनता ने नहीं, भूपेश बघेल ने चुना था। अब जब जनता सीधे महापौर चुनेगी तो विकास को गति मिलेगी। श्री देव ने कहा, प्रदेश की जनता ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को विजयी बनाकर यह साफ संदेश दिया है कि कांग्रेस अब छत्तीसगढ़ की राजनीति में पूरी तरह अविश्वसनीय व अप्रासंगिक हो चली है। केवल और केवल भ्रष्टाचार करने और छत्तीसगढ़ को 10 जनपथ का एटीएम बनाने की बदनीयती से प्रेरित होकर कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपना प्रतिनिधि चुनने के जनता के लोकतांत्रिक अधिकार पर जो डाका डाला था, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने उस कलंक को मिटाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।



यह जनता की ताकत बढ़ाने वाला फैसला

# प्रीपैड मीटर देंगे बकाएदारों को तगड़ा झटका, पॉवर कंपनी को मिलेगी बकाया से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक पांच लाख से ज्यादा मीटर बदले जा चुके हैं। अगले साल सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड हो जाएंगे।


ऐसा होने से पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन बकायेदारों को जरूर जोर का तगड़ा झटका लगेगा। जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। अगर कोई उपभोक्ता 300 दिनों के बाद भी बकाया का भुगतान नहीं करता है तो फिर उनका कनेक्शन कट हो जाएगा और रीचार्ज कराने पर बकाया होने के कारण बिजली नहीं मिल पाएगी।

केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

## कनेक्शन प्रीपैड होने पर बकाया जमा करने मिलेगा 300 दिनों का समय

### बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया करीब हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन अब भी हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।



### ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

## खबर संक्षेप



### ट्रांसजेंडर समुदाय के आश्रय स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रमा फाउंडेशन संस्था द्वारा 1 दिसंबर को सरोना में स्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के आश्रय स्थल गरिमा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम-सह-परिचर्चा समत्व–2024 का आयोजन किया। इस मौके पर संस्था के सचिव राजकुमार मिश्रा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति आम जनमानस की भ्रांतियों को दूर करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अवसर प्रदान करना था। यह आयोजन प्रमा फाउंडेशन के अपनी स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया था। कार्यक्रम में हेमलता मोंगरे, उषा साहू, रजनी ठाकुर ,पीयूष साहू, सौरभ सेन, दुर्गेश निषाद, भूपेंद्र नायक एवं सूरज जाना ने अपना समय और सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाज के सेवक बसंत अग्रवाल और छत्तीसगढ़ पुलिस, एस. झा, वरिष्ठ समाज सेविका उमा स्वामी एवं युवा रायपुर के संस्थापक एम. राजीव, विद्या राजपूत समेत अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### महेश गजभिये



**रायपुर।** गौतम नगर लाखेनगर निवासी महेश गजभिये (40) का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

### ककईया तांडी



**रायपुर।** पेंशनबाड़ा अरविंद नगर निवासी ककईया तांडी का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसंबर को सुबह 12.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे जनकराम तांडी की माता, आशीष और किशन तांडी की दादी थीं।

### अरुण देशकर



**रायपुर।** शंकर नगर सेक्टर-1 निवासी, देशकर एड. एजेंसी के संचालक अरुण देशकर (70) का 30 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे विशाल, प्रशांत व सुवर्णा के पिता थे।

### देवेंद्र कुमार स्वर्णकार



**रायपुर।** कुंदरापारा शुक्रवारी बाजार निवासी देवेंद्र कुमार स्वर्णकार ( 55) का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम (गुढ़ियारी) में किया गया। वे निशा के पति, धर्मेंद्र कुमार स्वर्णकार के बड़े भाई एवं दिव्यांश के पिता थे।

# मच्छर मुक्त करने पायलट प्रोजेक्ट का ठेका होगा रद्द, ग्रेस फुल कंपनी पर की जाएगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिया गया ठेका रद्द होगा। करोड़ों रुपए का होर्डिंग्स बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के मामले में ग्रेस फुल कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि एमआईसी निर्णय लिया है कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत मच्छर उन्मूलन के लिए दुर्ग की एजेंसी को ठेका दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस ठेके को रद्द कर मच्छर उन्मूलन के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इस टेंडर के अनुसार ही ठेका दिया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा कि ग्रेस फुल कंपनी पर करोड़ों रुपए बकाया है। इसके लिए 14 बार नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद भी कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया है। कंपनी ने 20 लाख रुपए के दो चेक जमा कराए थे वे भी बाउंस हो गए थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब कंपनी पर कार्रवाई कर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

- अब कंपनी पर कार्रवाई कर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

### श्मशान घाट के गार्ड के मासिक वेतन में 15 सौ की वृद्धि

निगम मुख्यालय में सोमवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इस बैठक में 15 एजेंडों पर चर्चा हुई, जिसमें कई एजेंडे पारित किए गए। पारित किए गए एजेंडों में निगम क्षेत्र के श्मशान घाट में काम करने वाले गार्ड के वेतन में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। अब तक गार्ड को 15 सौ मासिक वेतन दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 3 हजार किया है। इसी प्रकार बैठक में भक्तमाता कर्मा वार्ड क्रमांक-67 के अंतर्गत कुशालपुर फ्लाई ओव्हर से चिंगरी नाला तक नाला निर्माण, जोन-5 के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड-40 में 4 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से गौतम नगर में कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, 10 लाख की लागत से स्थल परिवर्तन कर मंगल बाजार में कार्यालय भवन का निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसी प्रकार निगम में कार्यरत 9 कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए 7 लाख 79 हजार 625 रुपए व्यय राशि को स्वीकृति दी गई है। एमआईसी ने निराश्रित पेंशन योजना के 129 पात्र एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 50 पात्र नये आवेदनों को भी स्वीकृति दी है।




### मेडिकल बिल के लिए केस लैस कार्ड बनेगा हास्पिटल भी निर्धारित होंगे

एमआईसी ने मेडिकल बिल को लेकर भी एक निर्णय लिया है। एमआईसी का मानना है कि मेडिकल बिल के नाम पर अधिकारियों द्वारा बार-बार बिल लगाए दिए जाते हैं, जबकि साल में 15 लाख रुपए निर्धारित है। एमआईसी ने इसे देखते हुए अब केस लैस कार्ड बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए हॉस्पिटल भी निर्धारित किए जाएंगे, जहां कर्मचारी केस लैस कार्ड के माध्यम से अपना ईलाज करा पाएंगे।

### शास्त्री बाजार में प्रवेश शुल्क-साइकिल स्टैंड के लिए निकलेगा टेंडर

बैठक में शास्त्री बाजार में प्रवेश शुल्क व सायकल स्टैंड के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके अलावा शशिबाला स्कूल में नवीन कमरा निर्माण, जोन 8 के रामकृष्ण परमहंस वार्ड अंतर्गत आने वाले मंगल सामुदायिक भवन का नामकरण विद्यानंद तिवारी के नाम से करने की अनुशंसा की गई है।

### पीएम आवास के तहत फार्म वितरण पर हुई चर्चा महापौर ने सरकार पर साधा निशाना

एमआईसी की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वितरण किए जा रहे फार्म को लेकर भी चर्चा की गई। महापौर ने इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उन लोगों को भी फार्म बांटे जा रहे है जो अपात्र है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नगर निगम चुनाव होने है। अपात्र लोगों को फार्म बांटने से बाद निगम प्रशासन की परेशानी बढ़ेगी, क्योंकि जिन अपात्र लोगों को फार्म दिए जा रहे वे लोग चुनाव के बाद आवास योजना पाने के लिए आवेदन करेंगे। इस तरह देखा जाए तो नगरीय निकायों में चुनाव को प्रभावित करने के लिए सरकार ये फार्म बांट रही है।

### चुनाव कैसे भी होगा महापौर पद पर कांग्रेस ही बैठेगी

महापौर ने महापौर पद के लिए सीधे चुनाव को लेकर कहा कि चुनाव चाहे कैसे भी हो, लेकिन यह तय है कि महापौर के पद पर कांग्रेस ही बैठेगी। उन्होंने कहा कि पिछले सरकार में यह निर्णय जरूर लिया गया था कि डायरेक्ट चुनाव हो। इसके पहले भी डायरेक्ट चुनाव होते रहे है, फिर इनडायरेक्ट चुनाव हुआ। सरकार ने फिर फैसला लिया है कि महापौर का चुनाव डायरेक्ट हो, इसलिए यह कोई नया फैसला नहीं है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि चुनाव कराने में सरकार डर रही है, क्योंकि चुनाव के लिए अब तक तारीख की घोषणा नहीं की गई है। दिसंबर का महीना शुरू हो गया है, लेकिन अब तक न आरक्षण की प्रणाली हुई है और न ही इस बारे में कोई जानकारी मिली है। इससे यही लगता है कि सरकार जल्दी चुनाव नहीं चाहती है। सरकार को चुनाव हारने का डर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में लॉ एंड ऑडर बिगड़ा हुआ हैं, जिस तरह से रायपुर चाकूपुर हो गया है और छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है, इसलिए सरकार कहीं न कहीं इन सब में नियंत्रण चाहती है, जो हो नहीं पा रहा है, इसलिए सरकार नगरीय निकाय चुनाव कराने में डर रही है।

# महिला डाक्टर से दुर्व्यवहार जिला अस्पताल का सिविल सर्जन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महिला चिकित्सा अधिकारी से आपत्तिजनक व्यवहार करने के मामले में गरियाबंद जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच हुई थी, जिस पर उसे दोषी पाया गया था। रिपोर्ट के आधार और मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर उसे निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार महिला डाक्टर ने सिविल सर्जन डा. एमके हेला के खिलाफ मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया था। जांच की सौंपी गई रिपोर्ट में तर्क दिया गया था कि डॉ. हेला द्वारा जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है, वह अभद्रता की श्रेणी में आता है। यह कृत्य कदाचरण की परिश्रेणी में आता है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। मामले की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तक पहुंची, तो उन्होंने सिविल सर्जन पर आवश्क कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत निलंबित कर दिया गया है।

- स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जारी हुआ आदेश

### धूमधाम से 18 को मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती

**रायपुर।** 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाई जाएगी, इसे लेकर सतनाम समाज के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है शोभायात्रा के साथ जयंती में किन-किन आयोजनों को पूर्ण करना है इसे लेकर समाज के पदाधिकारी और सदस्य बैठक कर इन सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी संस्था की बैठक हुई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष एसके सोनवानी, डॉ. शकुंतला डेहरे, बीपीएस नेताम, एचएल रात्रे, डॉ. हिरामन बंजारे, कुलदीप जांगड़े, सुमन चतुर्वेदी, एनआर टोंडर, टीएस चतुर्वेदी, नंदकुमार कोशले, ननकूराम कुशवाहा और स्वाति कोशले आदि शामिल रहे।

# एक तरफ चोरी करने रैकी कर रहे दूसरी ओर सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदमाशों के साथ चोर, पुलिस को लगातार चुनौती देते आ रहे हैं। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक कोलोनी में चोरों द्वारा कालोनी में चोरी करने रैकी करने का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। दूसरी घटना में चोर एक टेक्नालॉजी कंपनी के एचआर के सूने मकान में धावा बोलते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक लालपुर, जैनम विहार कालोनी निवासी अमित कुमार रावत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया है कि पिछले महीने 29 नवंबर को वह अपने परिवार के साथ जबलपुर गया था। रविवार सुबह अमित जबलपुर से लौटा, तो उसने देखा कि हाल के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। कमरे की कुंडी खुली हुई थी। चोर अलमारी का लॉक तोड़ लॉकर में रखे नकदी दस हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे।



***कालोनी में रैकी करते दिखे चार शातिर :*** एक अन्य घटना में टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित आकृति विहार में चार शातिरों का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें एक बदमाश के हाथ में रॉडनुमा हथियार दिख रहा है। दो बदमाश एक मकान की तरफ जाते दिख रहे हैं।

# आगे बढ़ा चक्रवात, बादल छंटते ही दो दिन में ठंड की वापसी

## पांच डिग्री तक लुढ़केगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला चक्रवात आगे बढ़ चुका है। इसकी वजह से प्रदेश में छाए बादल भी छंटने लगे हैं और तापमान चढ़ने लगा है। रविवार को 22 डिग्री तक जा चुका अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर पहुंच गया। राज्य में दो दिन बाद तापमान में चार से पांच डिग्री तक गिरावट होने की वजह से ठंड की वापसी की उम्मीद है।

रविवार को बदले मौसम में सोमवार को सुधार आया। राजधानी समेत प्रदेश में बादल छाए रहे मगर बारिश की गतिविधि बस्तर के एक दो स्थानों पर सीमित रही। शहर में छाए बादल में थोड़ी कमी आई जिसकी वजह से तापमान अपनी सामान्य स्थिति में आ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि चक्रवात अब कमजोर हो चुका है। बादलों की वजह से पूर्व से आने वाली नमी युक्त हवा ही रह गई है जो दिन में बदलने के आसार है। चार दिसंबर के बाद यहां रात के तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। इसके बाद तीन से चार दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी और संभवतः नौ दिसंबर को आने वाला पश्चिमी विक्षोभ पुनः बारिश का कारण बन सकता है।

- तीन से चार दिन तक कड़ाके की ठंड फिर पश्चिमी विक्षोभ बदलेगा मौसम

***बारिश केवल बस्तर में :*** मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि नमी का ज्यादा असर बस्तर में हो रहा है। इसकी वजह से अगले दो दिन वहां बारिश की गतिविधि रह सकती है।

# रात में रेत का अवैध कारोबार, दूसरे जिलों से आ रही गाड़ियां, 15 पकड़ी गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग की लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद अब रेत माफिया भी अलर्ट हो गए है और दिन की जगह रात में रेत का अवैध कारोबार करने लगे हैं। यही कारण है कि जिले की विभागीय टीम रात में भी निरीक्षण पर निकल रही है और इस अवैध कारोबार में संलिप्त रेत से भरी गाड़ियों को पकड़ने के साथ उनके मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई कर जुर्माना राशि वसूल रही है। इसी कड़ी में विभागीय टीम ने दो दिन में रेत से भरी 15 गाड़ियों को पकड़ा है, जिन पर कार्रवाई करते हुए करीब चार लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

### बिना रायल्टी पर्ची के किया जा रहा था परिवहन

विभाग की टीम ने खनिज प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को रात में गश्त करते हुए नवा रायपुर, अभनपुर, मंदिर हसौद, खरोरा एवं आरंग क्षेत्र में 15 गाड़ियों को पकड़ा। इन सभी गाड़ियों में रेत भरी हुई थी। टीम ने गाड़ियों के चालकों से पूछताछ की, तो पता चला कि इनमें से किसी भी गाड़ी की रायल्टी पर्ची कटी नहीं है। सभी गाड़ियों में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था।



### गरियाबंद व महासमुंद जिले की रेत घाटों से लाई गई थी रेत

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन गाड़ियों को पकड़ा गया है, उनमें रेत की लोडिंग महासमुंद और गरियाबंद जिले के घाटों से की गई थी। हालांकि गाड़ी के साथ पकड़े गए चालक रायपुर, तिल्दा के साथ खैरागढ़ एवं बेमेतरा के रहने वाले हैं। कार्रवाई के बाद सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया है।

### रात में टीम भेजकर की जा रही कार्रवाई

जिले में दूसरे जिलों से रेत का अवैध परिवहन कराया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर अब रात में विभाग की टीम को निरीक्षण पर भेजकर कार्रवाई कराई जा रही है। रेत से भरी 15 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा गया है। इन गाड़ियों से महासमुंद और गरियाबंद जिले से अवैध रूप से रेत लाई जा रही थी। - ***केके गोलघाटे,*** *उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर*

## पेज 09 के शेष ...

### ट्रेनों में फॉग सेफ्टी...

फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाया है, लेकिन इसके बावजूद ट्रेन ठंड में समय पर नहीं पहुंच रही। सर्वाधिक विलंब में समता एक्सप्रेस पहले स्थान पर है। बीते तीन दिनों से यह ट्रेन 3 से 4 घंटे तक देर से रायपुर पहुंची है। सुबह की ट्रेनों में अमरकंटक, दुर्ग-अंबिकापुर, लिंक एक्सप्रेस समेत रात में हावड़ा-अहमदाबाद, सारनाथ समेत अन्य ट्रेन लगातार कोहरे के कारण विलंब से चल रही हैं। यात्रियों का दावा है कि रेलवे की ओर से उन्हें ट्रेन लेट होने की जानकारी फोन पर नियमित नहीं मिल रही है। यात्री समय पर स्टेशन पहुंच रहे हैं, लेकिन ट्रेन 3 घंटे से अधिक इंतजार करवा रही है। जोन की सभी ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगा चुका है। कोहरे में ट्रेन चलाने डिवाइस की मदद भी ले रहें हैं। सुबह ट्रेनों के विलंब होने से बाद दिन में ट्रेनों का समय नहीं सुधर रहा है।

### जामताड़ा पार्ट टू...

पंजाबी कालोनी निवासी रविंदर सिंह चावला, रायपुर, महावीर नगर निवासी दीपक टीलवानी तथा तेलीबांधा, आनंदनगर निवासी तरुण उर्फ रौनक नचरानी को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार ठगी के एक मामले में संजय वर्मा के अकाउंट में छह लाख रुपए वापस कराने में कामयाबी मिली है।

### तीस मेडिकल स्टोर्स में...

गृहमंत्री विजय शर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पिछले दिनों नशीली दवाओं की बिक्री पर रोकथाम के लिए संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को 25 औषधि निरीक्षकों, 11 एएसआई और 30 आरक्षकों की टीम ने रायपुर जिले के करीब तीस दवा दुकानों में छापेमारी की। योजना के तहत कई दुकानों में पाइंटर को बिना पर्ची के नारकोटिक्स की श्रेणी में आने वाली दवा खरीदने के लिए भेजा गया। लगभग सभी दुकानों ने बिना चिकित्सकीय पर्ची के दवा देने से इंकार कर दिया मगर एक दवा दुकान संचालक झांसे में आया और नशे के लिए उपयोग होने वाली दवा देते पकड़ा गया। इसके साथ ही टीम दवा दुकानों में घुसकर स्टाक की जांच करती रही जिसमें चार दुकानों में विभिन्न तरह की नशीली दवाओं का स्टाक मिला। दुकान संचालकों से इन दवाओं की खरीदी-बिक्री का रिकार्ड मांगा गया जो वह प्रस्तुत नहीं कर पाए। सभी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की गई है। दोनों विभाग की संयुक्त टीम माना, खरोरा, बिरगांव, हीरापुर, संतोषी नगर, रायपुरा, कबीरनगर, टिकरापारा, अवंतिविहार, लाभांडी, शंकरनगर, गुढियारी, चंगोराभाठा आदि में संचालित मेडिकल स्टोर्स में दिनभर जांच करती रही।

**न्यायालय तहसीलदार, केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.- 202411201000032/अ -6/2024-25
ग्राम- सुरडोंगर, तहसील केशकाल

**-: उद्घोषणा :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका मीना ध्रुव पति ईश्वरीसिंह जाति गोंड निवासी सुरडोंगर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि जमुनाबाई पिता साधूराम, ईश्वरीसिंह, मोंगरा बाई पिता बुधराम के नाम पर ग्राम सुरडोंगर प.ह.नं. 13 रा.नि.म. केशकाल तहसील केशकाल स्थित भूमि खसरा नंबर 1/12, 1/13, 1/22, 23/11, 28/12/क, 64/7, 66/10/क, 87/7 कुल ख.नं. 8 कुल रकबा 2.0140 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में संयुक्त खाते में दर्ज है। उक्त भूमि खातेदार जमुनाबाई पिता साधूराम का मृत्यु दिनांक 22.10.2015 को हुआ है एवं सहखातेदार ईश्वरीसिंह पिता बुधराम की मृत्यु दिनांक 26.08.2017 को हुआ है। जमुनाबाई पिता साधूराम, ईश्वरीसिंह पिता बुधराम के मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख में फौती काटकर उनके वैध वारिसों मीना ध्रुव पति ईश्वरीसिंह, तेजेश्वरसिंग ध्रुव, वीरलसिंग ध्रुव, सुधांशुसिंग ध्रुव पिता ईश्वरीसिंह का नाम राजस्व अभिलेख शामिल करवाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था/ को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 06/12/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

मुहर

**तहसीलदार
केशकाल**

**ईश्तहार**

**पत्र क्रं/4264./न.पा.नि./जोन क्रं - 10/2024
रायपुर, दिनांक 19/07/2023
नामंतरण प्र.क्र. 4264
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446100148 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती V. VENKAT RAO पिता / पति श्री/श्रीमती LT. JAGANNATH RAO के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती Subodh Tiwari पिता / पति श्री/श्रीमती S/O Bhanupratap Tiwari ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

**श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# आपत्ति करने वाली छात्रा को मिली रेडियो डायग्नोसिस की सीट, आवंटन सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोनस अंक देने में कोताही बरते जाने की शिकायत करने वाली छात्रा को रेडियो डायग्नोसिस की सीट मिली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार को एमडी-एमएस की संशोधित आवंटन सूची जारी कर दी है। इसके लिए स्क्रूटनी और प्रवेश की अंतिम तारीख पांच दिसंबर तय की गई है।

दो दिन पहले विभाग की ओर राज्य की मेरिट लिस्ट जारी की गई थी और आज लिस्ट के आधार पर सीटों का अलॉटमेंट जारी किया गया। टॉप टेन की प्रावीण्य सूची से डॉ. यश का नाम हटाया गया है और दसवें नंबर पर डॉ. अपूर्वा चंद्राकर को शामिल कर उन्हें रेडियो डायग्नोसिस की सीट का अलॉट किया गया है। शेष छात्रों के सीट आवंटन में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। 216 लोगों की संशोधित सूची के आधार पर 5 दिसंबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद दूसरे राउंड के एडमिशन पर काम शुरू किया जाएगा। इस बार राज्य में शासकीय निजी मेडिकल कालेज में राज्य की करीब 316 सीटें हैं जिन पर एडमिशन दिया जाना है।

### एमडी-एमएस की सीटों का अलॉटमेंट, पांच दिसंबर तक प्रवेश

#### यह था मामला

दूरगामी स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देने वाले चिकित्सा छात्रों को शासन द्वारा पीजी प्रवेश के लिए बोनस अंक देने का प्रावधान है। इसमें संबंधित छात्र को 30 अंक प्रदान कर दिया गया था। आपत्ति आई थी कि सेवा के अनुसार छात्र 16 अंक के लिए पात्र है। जांच के दौरान यह त्रुटि सामने आई जिसे सुधार दिया गया था। तब तक चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा सीट अलॉटमेंट के बाद एडमिशन देना भी शुरू कर दिया गया था। मामला सामने आने बाद मेरिट लिस्ट और आवंटन सूची को रद्द किया गया।



#### संबंधित छात्र को दूसरे राउंड में सीट

जिस छात्र को ज्यादा बोनस अंक दिए जाने की आपत्ति आई थी उसे पहले राउंड में सीट का आवंटन नहीं हो पाया है। सूत्रों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट और आवंटन सूची को निरस्त किया गया था। मगर दूसरी बार च्वाइस फीलिंग नहीं कराया गया था इसलिए छात्र को विषय चयन का मौका नहीं मिल पाया। रैंक के आधार पर उसे दूसरे राउंड में सीट आवंटित की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### घूम-घूमकर मोबाइल लूटने वाला हिस्ट्रीशीटर पकड़ा गया

रायपुर । अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घूम-घूमकर मोबाइल लूटने के आरोप में खम्हारडीह पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए 11 मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त मोबाइल की कीमत तीन लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने जिस बदमाश को गिरफ्तार किया है, वह मूलरूप से उत्तरप्रदेश, मौदहा निवासी है और वह वर्तमान में खमतराई में रह रहा है। पुलिस के मुताबिक, मोबाइल लूट के आरोप में शहजादा अली उर्फ भिंडी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आरचा प्रवीण नाम की एक युवती ने रविवार को मोबाइल लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। बदमाश क्रिस्टल आर्किड के पास युवती के हाथ से मोबाइल लूटकर भागा था। बदमाश को पुलिस ने घटनास्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शहजादा पूर्व में भी चोरी, मारपीट तथा लूट के आरोप में जेल जा चुका है।

### राज्य के सभी वनमंडल में तैनात होंगे स्निफर डॉग

# वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एनजीओ की मदद तीन दिन के अंदर तय करने होंगे डॉग हैंडलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

वन्यजीवों की रखा के लिए खासकर बाघों की सुरक्षा के लिए राज्य के सभी वनमंडलों में डॉग स्कवाड तैनात किए जाएंगे। इस संबंध में वन मंडलों को सात दिन के भीतर जवाब देने वन मुख्यालय (वन्यजीव) ने निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही मुख्यालय ने तीन दिन के भीतर सभी वनमंडलों को अपने क्षेत्र में डॉग हैंडलर के नाम तीन दिन के भीतर देने के निर्देश दिए हैं। जिन्हें भी डॉग हैंडलर बनाया जाएगा, उन्हें ट्रेनिंग के लिए बाहर भेजा जाएगा। वन मुख्यालय के निर्देश के मुताबिक अगले वर्ष जनवरी माह में सभी वनमंडलों में डॉग स्कवाड का गठन किया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य के सूरजपुर गोमर्डा अभयारण्य में दो साल के भीतर तीन बाघ की शिकार की घटनाएं सामने आई है। राज्य में बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की लगातार शिकार की घटनाएं सामने आती रहती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एनजीओ की मदद लेगी। इस संबंध में मुख्यालय ने सभी वनमंडल को पत्र जारी किया है।

### वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए 14 बिंदु तय किए गए

*सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति : जन हानी, पशु हानी तथा घायलों को सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि आबंटित करने वन मुख्यालय ने निर्देश जारी किया है। सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि नहीं देने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है समय पर क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने पर लोग गुस्से में आकर वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाते हैं, इस वजह से पीड़ित पक्ष को सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि जारी करने निर्देश दिए गए हैं।*



#### वन अपराध रोकने पेट्रोलिंग वाहन

वन्यजीवों की शिकार रोकने सभी वनमंडलों के सामान्य तथा अभयारण्य में पेट्रोलिंग वाहन दी जाएगी। पेट्रोलिंग वाहन में रोस्टर के हिसाब से पेट्रोलिंग की जाएगी। संवेदनशील वन क्षेत्र जहां ज्यादा शिकार की घटानाएं घटित होती है, उन वनक्षेत्रों को चिन्हांकित कर विशेष रूप से ध्यान देने निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वनकर्मी तथा वन अफसरों को वन अपराध रोकने प्रशिक्षण देने की बात कही गई है।

#### मुखबिर तंत्र मजबूत करने निर्देश

वन मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक वन अपराध रोकने मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के साथ मुखबिरों को समय पर भुगतान करने निर्देश दिए गए हैं। मुख्यालय द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक मुखबिरों के लिए मुख्यालय से जो राशि आबंटित की जाती है, कई वनमंडल उक्त राशि खर्च ही नहीं कर पाते।

#### नियमित देनी होगी बाघ की खैरियत रिपोर्ट

वन मुख्यालय द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक टाइगर रिजर्व के साथ किसी अन्य वनमंडल में बाघ के मूवमेंट की जानकारी मिलने पर उसकी नियमित ट्रैकिंग करने निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही टाइगर रिजर्व में गश्त करने वाले कर्मचारियों को अपने अफसरों के माध्यम से डीएफओ के पास बाघ की नियमित खैरियत रिपोर्ट देने निर्देश जारी किए गए हैं। इसी तरह से शिकारियों द्वारा बिछाए जाल को ट्रेस करने रोस्टर बनाकर एनजीओ की मदद से एंटी स्नेयर वाक अभियान सतत जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## भारती खेमानी मामले में पीड़ित परिवार 10 दिसंबर को न्याय मांगने करेगा कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- इलाज में लापरवाही तय करने ढाई महीने में नहीं बनी जांच रिपोर्ट

सितंबर माह में टाटीबंध निवासी भारती खेमानी की मौत इलाज में लापरवाही के चलते एमएमआई में हो गई थी। मामले को लेकर पीड़ित पति मुकेश खेमानी और उनके बेटे ने मांग की है कि हम जहां-जहां लोगों ने बताया वहां-वहां न्याय की गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद भी स्थिति यह है कि घटना होने के ढाई महीने बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं मिली। इससे अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ हम अपराध दर्ज नहीं करवा पाए हैं।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान श्री खेमानी ने बताया कि मेरी पत्नी की मौत का सौदा किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन अपने लोगों के जरिए लेन-देन करके समझौता करने के लिए तीन बार प्रयास किया। इतना ही नहीं इस घटना को टालने के लिए परिवार के लोगों ने समझौता कर लिया है, यह अफवाह भी उड़ाई जा रही है। हम पिता-पुत्र यह बताने आए हैं, कि हमें पैसा नहीं, बल्कि न्याय चाहिए। अगर समय रहते जांच रिपोर्ट नहीं दी गई, तो हम सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। इस कड़ी में 10 दिसंबर को हमने जयस्तंभ चौक से स्वास्थ्य मंत्री निवास तक कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है।

## पीएम आवास योजना के सर्वे पर महापौर कर रहे अनर्गल बयानबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने किया पलटवार

पीएम आवास योजना के सर्वे पर महापौर एजाज ढेबर द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि महापौर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। महापौर नहीं चाहते कि गरीब के सिर पर पक्का मकान हो, इसलिए इस सर्वे को लेकर वे गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत हितग्राहियों के सर्वे का काम प्रारंभ हुआ है। इसके तहत रायपुर शहर में भी सर्वे किया जा रहा है कि कौन से हितग्राही किस-किस घटक की पात्रता रखते हैं। इस सर्वे के आधार पर संबंधित कंसलटेंट द्वारा डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाएगा, जिसके बाद शासन द्वारा राशि आवंटित की जाएगी।

*5 साल में जनता को उपलब्ध नहीं करा पाए मूलभूत सुविधाएं : मीनल चौबे ने कहा कि महापौर अपने 5 साल के कार्यकाल में शहर की जनता को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करा पाए। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में महापौर शहर में कोई विकास कार्य भी नहीं करा पाए। अब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से शहर में विकास कार्य भी होने लगे हैं। इसे महापौर बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइंस कॉलेज की चौपाटी को लेकर महापौर पहले से जानते थे कि वह अवैध है। इसके बाद भी व्यवसायियों को धोखे में रखकर बेची गई है। इसके लिए महापौर को चौपाटी के व्यवसायियों से माफी मांगनी चाहिए।*

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आक्रोश रैली आज

रायपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे इस्लामिक अत्याचार के विरोध में सनातन हिंदू पंचायत रायपुर द्वारा 3 दिसंबर को विशाल आक्रोश रैली निकाली जाएगी। यह रैली दोपहर 2 बजे से मरीन ड्राइव से निकलेगी। साथ ही जिले में हिंदू समाज द्वारा 3 दिसंबर को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रदर्शित करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे जाने का कार्यक्रम तय हुआ है। विदित हो कि विगत कुछ समय से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। हिंदू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उनके पूजा स्थल, मंदिर आदि पर इस्लामिक कट्टरपंथी निरंतर हमले कर रहे हैं। इसी क्रम में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्णदास को आतंकवादी की तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया है। उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है। विगत कुछ समय से बांग्लादेश सरकार में हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़, आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर हमले व मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। यहां तक की हिंदू नाम रखने वालों के साथ मारपीट व उनके व्यवसाय पर हमले हो रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में डिजिटल हेल्थ मास्टर क्लास



रायपुर। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) और श्री नारायणा हॉस्पिटल देवेंद्र नगर रायपुर द्वारा कोयटा फाउंडेशन के सहयोग से राज्य स्तरीय डिजिटल हेल्थ मास्टर क्लास का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल तकनीकी नवाचारों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता करकीनोस हैल्थकेयर के उपाध्यक्ष आरकेपी चित्तूर रेड्डी ने अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स की भूमिका और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एएचपीआई के डायरेक्टर डॉ. सुनील खेतरपाल, कोयटा फाउंडेशन की डॉ. अनुजा सनखे, नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका, एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता और महासचिव अतुल सिंघानिया सहित स्वास्थ्य क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने कहा कि यह वर्कशॉप स्वास्थ्य सेवा में तकनीकी बदलाव के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में तकनीकी आधारित सर्विस डिलीवरी का महत्व बढ़ेगा।

### संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में रोबोटिक थोरैसिक सर्जरी से लंग कैंसर के मरीज का सफल इलाज



रायपुर। संजीवनी सीबीसीसी कैंसर अस्पताल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के प्रमुख डॉ. अर्पण चतुर्मोहता द्वारा की गई रोबोटिक थोरैसिक सर्जरी ने एक और मरीज को नया जीवन दिया है। डॉ. अर्पण ने पूर्व कैंसर सर्वाइवर 32 वर्षीय महिला का जटिल लंग लोबेक्टॉमी और रीजनल नोडल डिसेक्शन सफलतापूर्वक किया। सर्जरी के 1.5 साल बाद वह पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी रही हैं। डॉ. चतुर्मोहता ने इस सफल सर्जरी पर विचार करते हुए कहा कि यह परिणाम रोबोटिक तकनीकों और हमारे ट्यूमर बोर्ड के टीमवर्क की वजह से है, जो मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुझे गर्व है कि मैं इस महिला के ठीक होने की यात्रा का हिस्सा बन सका।

### करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल के 4 साल पूरे

रायपुर। करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 4 वर्ष पूरे कर लिए हैं। पचपेड़ीनाका स्थित इस अस्पताल ने अपनी छोटी-सी अवधि में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान अस्पताल ने 15 हजार से अधिक ओपीडी सेवाएं प्रदान की हैं और 5,000 से ज़्यादा कैंसर रोगियों का सफल इलाज किया है। इसके अलावा 20 हजार से ज्यादा कीमोथेरेपी सत्र भी पूरे किए गए हैं। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रशांत कसेर ने बताया कि हम कैंसर के खिलाफ जंग में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।



उन्होंने यह भी बताया कि यहां आयुष्मान भारत योजना के तहत भी इलाज किया जाता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सहारा मिलता है। इस मौके पर डॉ. नीलम लदेर ने कहा कि कई एडवांस स्टेज के मरीज भी हमारे इलाज से पूरी तरह संतुष्ट हैं।

### साईं टीवीएस में टीवीएस थ्री व्हीलर्स की खरीदी पर बीमा मुफ्त



रायपुर। टीवीएस थ्री व्हीलर्स का एक्सक्लूसिव शोरूम साईं टीवीएस रियल व्हील्स देवपुरी मेनरोड लालपुर में ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर लेकर आया है। अब टीवीएस थ्री व्हीलर्स की खरीदी पर बीमा मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। शोरूम के संचालक के अनुसार, टीवीएस थ्री व्हीलर्स के नए मॉडल्स किंग डीलक्स, किंग ड्यूरामैक्स प्लस और किंग कार्गो की एक्स शोरूम कीमत 2,51,488 रुपए से शुरू हो रही है। विशेष ऑफर के कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इन सीएनजी ऑटो में शानदार माइलेज, कम प्रदूषण और बेहतरीन प्रदर्शन की सुविधा ग्राहकों को मिल रही है। साईं टीवीएस रीयल व्हील्स में अब टीवीएस किंग सीएनजी के मॉडल का शानदार प्रदर्शन भी देखा जा सकता है और गाड़ियों की डिलीवरी भी शुरू हो चुकी है।

# बंधक बनाकर बदमाश ने की लहूलुहान होते तक पिटाई

- दबदबा बनाने बदमाश ने पिटाई का सोशल मीडिया में किया वीडियो अपलोड
- घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर बुरी तरह से लहूलुहान होते तक पिटाई करने का मामला सामने आया है। बदमाश ने क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया। अधेड़ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक पंडरी निवासी भक्त प्रहल्लाद मानिकपुरी की शिकायत पर दीप सिंह नामक लड़के के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया गया है।

भक्त प्रहल्लाद कलेक्टर कार्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत है। भक्त प्रहल्लाद ने पुलिस को बताया है कि 30 नवंबर को वह अपने दोस्त राजेश जगवानी के काशीराम नगर स्थित



मकान में गया था। राजेश का एक दिसंबर को जन्मदिन था, इसलिए वह उसके साथ डोंगरगढ़ जाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान भक्त प्रहल्लाद तथा राजेश ने शराब का सेवन कर लिए और डोंगरगढ़ जाना कैंसिल कर भक्त प्रहल्लाद राजेश के घर में रुक गया।

#### मारने के बाद वीडियो बनाकर किया अपलोड

सिर पर तवा से हमला करने के बाद बदमाश ने दीप का वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड कर दिया। वीडियो अपलोड करने की वजह बदमाश द्वारा क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करना बताया जा रहा है।

#### सिर पर तवा से वार कर किया लहूलुहान

भक्त प्रहल्लाद ने पुलिस को बताया है कि राजेश के घर पहले से दीप मौजूद था और वह सो रहा था। राजेश कुछ सामान लेने गया, इस दौरान दीप जाग गया और भक्त प्रहल्लाद के साथ गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से मना करने पर दीप ने गुस्से में आकर घर में रखे तवा से भक्त प्रहल्लाद के सिर पर मार दिया।

### बस स्टैंड में एचआईवी-एड्स के बारे में दी जानकारी



रायपुर। भाठागांव स्थित बस स्टैंड में सोमवार को सीजी एनपी प्लस एवं विहान सीएससी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम लगभग 450 व्यक्तियों को एचआईवी-एड्स के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों के विषय में भी विस्तार से बताया गया। जो एचआईवी संक्रमित लोग इस दुनिया से जा चुके हैं, उनको मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। दुर्गा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवक संघ के बच्चों ने भी नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में दुर्गा महाविद्यालय की प्रो. सुनीता, काउंसलर संदीप पांडे, जिला टीबी अधिकारी आलोक पांडे, जिला अस्पताल काउंसलर दिनेश, विहान कार्यक्रम की पूरी टीम एवं कार्यक्रम की आयोजक रिंकी अरोरा उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# एकता खंडित करने वालों की सदस्यता खत्म, 6 साल नहीं लड़ सकते चुनाव

- प्रदेश देवांगन कल्याण समाज ने विशेष आमसभा में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज में कुछ दिनों पहले एक नया संगठन बनाने व समाज के विघटन से लोगों में आक्रोश का माहौल था। सभी की जुबान पर एकता को खंडित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही थी। इसे देखते हुए रविवार को मां परमेश्वरी भवन सत्यम विहार में विशेष आमसभा की गई। इसमें समाज को बांटने वालों की सक्रिय सदस्यता 6 साल के लिए खत्म करने का निर्णय लिया गया। ऐसे लोग अब चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे।

प्रदेश देवांगन कल्याण समाज क्रमांक 2338 के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा देवांगन समाज के लोग हैं। सभी देवांगन कल्याण समाज के साथ हैं। कुछ दिनों पहले कुछ लोगों ने अलग संगठन तैयार करके समाज की एकता को खंडित करने का प्रयास किया है। इसे



देखते हुए जिला अध्यक्षों, संरक्षकों, सलाहकार मंडल और आम लोगों से सलाह ली गई। सभी की सहमति से आमसभा में प्रस्ताव लाया गया की समाज के नियमों का पालन नहीं करने वाले, समाज विरोधी कार्यों में शामिल होने वाले और समाज को खंडित करने वालों पर कार्रवाई हो। इसमें सर्व सहमति से निर्णय हुआ कि प्रदेश देवांगन कल्याण समाज उनकी सदस्यता को 6 साल के लिए खत्म करें। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है, ऐसे लोग 6 साल तक न समाज का चुनाव लड़ सकेंगे और उन्हें अन्य राजनीतिक चुनाव में देवांगन समाज समर्थन देगा।

#### विशेष आमसभा में प्रस्ताव पारित

1. रिक्त 12 पदों पर नए पदाधिकारियों को नियुक्त करके शपथ दिलाई गई। इनमें मुकेश देवांगन, चन्द्रिका प्रसाद, रुखमणि देवांगन, बलराम प्रसाद देवांगन, हर्षा देवांगन, दिलीप देवांगन, रोशनी देवांगन, रामेश्वरी देवांगन, नरसिंग देवांगन, संदीप देवांगन शामिल हुए।
2. प्रदेश के हर जिला, सभी राज,ब्लॉक,मंडल ग्राम इकाई में एक प्रदेश एक नियम का प्रस्ताव पास किया गया।
3. सालभर में एक बार महासभा की जाएगी। इसमें सामाजिक प्रकरण का निराकरण मौके पर किया जाएगा।
4. इस वर्ष 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सामाजिक बन्धुओं का सम्मान किया जाएगा।
5. न्यायालय व थाना जाए बिना सभी तरह के सामाजिक विवादों का निराकण किया जाएगा।
6. फर्म व सोसाइटी में प्रदेश देवांगन कल्याण समाज की जो नियमावली है उसमें संशोधन का प्रस्ताव पास हुआ।
7. पूर्व में भी सामाजिक नियमावली बनाई गई है उन पर पुनः विचार करके संशोधन किया जाएगा।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 3 दिसंबर 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



डीपीएड के ज्यादातर छात्रों ने मैराथन में हासिल की जीत, रणनीति के साथ दौड़ लगाने पर मिली विजय

# मैराथन में युवा जोश.. विजेताओं ने कहा जीतने का मन बनाकर लगाई थी दौड़

प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित अखबार दैनिक हरिभूमि और टीवी चैनल आईएनएच न्यूज के फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में सेहत के प्रति लोगों का दिखा प्रेम तो वहीं बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं के जोश ने लोगों को जागरूक किया। राजधानी के साथ-साथ विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने मैराथन में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। विदेशी छात्रों ने दौड़ लगाकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।





**रायपुर।** मैराथन में कई नए रिकार्ड देखने को मिले। 10 किलोमीटर की दौड़ में हजारों लोगों के बीच बाबू गुर्जर और बलजीत सिंह ने 28 मिनट 31 सेकंड में दौड़ पूरी कर लोगों को चौंका दिया। दोनों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। महिला वर्ग में बेमेतरा की मीरा साहू 36.08 मिनट में दौड़ पूरी कर विजेता बनीं। 5 किलोमीटर की दौड़ में रायपुर के अजय भास्कर ने 14.14 और महिला वर्ग में प्रियंका साहू ने 14.9 मिनट में दौड़ पूरी कर जीत अपने नाम की।



खास बात ये भी है कि सभी रविवि में डीपीएड की पढ़ाई कर रहे हैं। नियमित खेलकूद की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। मैराथन को लेकर सभी तैयारी के साथ आए थे। हरिभूमि से खास बातचीत में विजेता प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में होने वाले सभी सरकारी व प्राइवेट मैराथन आयोजन में हिस्सा लेते रहे हैं। इस मैराथन में उन्होंने अपना सबसे बेस्ट प्रदर्शन दिखाया है। पूरी रणनीति के साथ दौड़ लगाई और लोगों को पीछे कर जीत हासिल करने में सफल हुए।



*हरिभूमि के फ्रीडम रन रायपुर में जुंबा की शानदार प्रस्तुति देने वाले न्यू गार्डन योगा जुंबा समूह के विद्याभूषण का सम्मान हरिभूमि कार्यालय में किया गया। उन्हें हरिभूमि के संपादक समन्वय ब्रह्मवीर सिंह ने सम्मानित किया।*

## मैराथन ने जीवन में बढ़ाया आत्मविश्वास



5 किलोमीटर की दौड़ में भिलाई की प्रियंका साहू महिला वर्ग में प्रथम रहीं। बातचीत में बताया कि जब मैराथन की जानकारी मिली थी, तभी से इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। कम समय में दौड़ पूरी करने का अभ्यास मैराथन में काम आया। उनका कहना है कि रविवार को डीपीएड का प्रैक्टिकल एग्जाम था। मेरे लिए एग्जाम में सही टाइम पर पहुंचना और मैराथन में जीतना ही जरूरी था। शुरुआत में काफी लोग पहुंचे, आगे बढ़ गए थे, लेकिन बाद में मैंने अपनी रफ्तार बढ़ाई। इसका ही फायदा मुझे मिला। हाइट कम होने से कई जगहों पर चयन नहीं होने से कई बार निराश होना पड़ता है, लेकिल इस जीत ने जीवन में आत्मविश्वास बढ़ा दिया है। मैराथन से माता-पिता भी खुश हुए। प्रियंका ने बताया कि लगातार कई सालों से मैराथन में भाग ले रही हैं।

## मैराथन की तैयारी ने दिलाई जीत



5 किलोमीटर की दौड़ में रायपुर के अजय भास्कर 14.14 में दौड़ पूरी कर विजेता बने। बातचीत में बताया कि मूलतः: मुंगेली जिले से हैं। रायपुर में जॉब के साथ डीपीएड की पढ़ाई भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब भी छत्तीसगढ़ में मैराथन होता है तो महीनेभर से इसकी तैयारी में जुट जाते हैं। फ्रीडम रायपुर रन मैराथन लेकर भी मैंने जीत हासिल करने रणनीति बनाई थी। मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है। अजय का कहना है कि अभी तक आधा दर्जन मैराथन में जीत हासिल कर चुके हैं। रोजाना 2 से 3 घंटे का समय खेल व व्यायाम को देते है। दौड़ शुरू होने से लेकर खत्म होने तक अजय ने बढ़त बनाई हुई थी।

## रोज एक घंटे का समय खेलकूद और व्यायाम को



10 किलोमीटर की दौड़ में महिला वर्ग से बेमेतरा की मीरा साहू 36.08 मिनट में दौड़ पूरी कर विजेता बनीं। बातचीत में उन्होंने बताया कि बचपन से ही दौड़ उनके जीवन से जुड़ी हुई है। डीपीएड की पढ़ाई के साथ-साथ रोजाना दौड़ लगाती हूं। फ्रीडम रायपुर रन मैराथन को लेकर विशेष तैयारी नहीं थी, लेकिन आत्मविश्वास था कि अच्छा दौड़ सकती हूं। जब दौड़ लगाना शुरू किया तो शुरुआत से ही आगे हो चुकी थी। मैंने अपनी गति को कम होने नहीं दिया। मीरा ने बताया कि प्रदेश के सभी मैराथन में हिस्सा लेती हूं। रोजाना 1 घंटे का समय सेहत के लिए देती हूं। सभी लोगों को यह करना चाहिए।



## रोजाना 10 किमी. की लंबी दौड़



10 किलोमीटर के विजेता बाबू गुर्जर ने कहा कि एक धावक के रूप में हर प्रतियोगिता में हिस्सा लेता हूं। 10 किलोमीटर की दौड़ रोज करता हूं। मुझे भरोसा था कि मैराथन में अच्छा प्रदर्शन दिखा सकता हूं। फिट रहने के लिए दौड़ जरूरी है। मैराथन को लेकर काफी उत्साहित था। इतने लोगों के बीच प्रथम आना मेरी लिए मुश्किल था, लेकिन दौड़ लगाने के बाद कब जीत के करीब पहुंच गई, पता ही नहीं चला। मैं नियमित दौड़ लगाता हूं। यह अभ्यास विगत 10 सालों से चल रहा है।



संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन हुए सम्मानित

## सिटी इवेंट

# हर दिन बेहतर करने की रखें सोच, सेल्फ स्टडी और धैर्य रखने वाले निश्चित ही सफल होते हैं



**रायपुर।** देश के जाने-माने शिक्षाविद, प्रसिद्ध गणितज्ञ एवं सुपर 30 के आनंद कुमार आज राजधानी रायपुर के नवगुरूकुल में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे। इस दौरान आनंद कुमार ने छात्र-छात्राओं को सफलता हासिल करने के मूलमंत्र बताए। उन्होंने कहा कि सेल्फ स्टडी करने और व्यक्ति को धैर्य रखने से निश्चित ही बड़ी सफलता मिलती है। संघर्ष करके बाधाओं को पार करने में बेहद प्रसन्नता महसूस होती है। उन्होंने नवगुरूकुल के छात्र-छात्राओं से कहा कि आप जैसे युवाओं में कुछ कर गुजरने और आंखों में चमक कुछ पाने की चाहता दिखाई देती है। कहा कि कभी भी बड़ा सपना देखना चाहिए और हर परिस्थितियों में समझौता भी नहीं करना चाहिए। जिद भी व्यक्ति के भीतर होनी चाहिए, तब उन्हें सफल होने से कोई रोक नहीं सकता।

## बाधा को दूर करने कड़ी मेहनत जरूरी

आनंद कुमार ने अपने अनुभव शेयर करते हुए युवाओं से कहा कि मनुष्य में आत्मविश्वास कमी नहीं होनी चाहिए। हर दिन बेहतर करने की सोच होनी चाहिए। संघर्ष करना भी कभी नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर तमाम टूल्स हैं, जिसका उपयोग भी सकारात्मक चीजों के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बाधा को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है और मृदुभाषी भी बनना आवश्यक है। नवगुरूकुल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने पर शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि हमेशा कड़ी मेहनत कीजिए और नई उंचाईयों को छूने की ताकत रखिए।



## युवाओं के साथ खेला क्रिकेट

आनंद कुमार देर रात को तेलीबांधा स्थित मल्टीपरपस गेम जोन में पहुंचे। वहां पर युवाओं के साथ क्रिकेट खेला। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने भी बल्ला थामा और युवाओं के साथ क्रिकेट खेलें। आनंद कुमार ने बच्चों से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मल्टीपरपस गेम जोन में देर रात को क्रिकेट खेलने का खूब आनंद आया।

# विज्ञान मॉडल से विद्यार्थियों ने समझी साइंस की बारीकियां, गंभीर समस्याओं का बताया समाधान

**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में शनिवार से तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने विभिन्न विषयों पर विज्ञान मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी लगाई, जिसमें उन्होंने बताया कि विज्ञान का व्यापक महत्व समाज के लिए लाभकारी होता है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा आसपास के हायर सेकेण्डरी स्कूलों, शंकरनगर विद्या मंदिर, हरिशंकर शुक्ल इंग्लिश मिडियम स्कूल, शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल कचना, कल्याण पब्लिक स्कूल आदि के विद्यार्थियों ने बेहद रोमांचक माहौल में साइंस की बारीकियों को समझा। प्रदर्शनी के माध्यम से हमारे छात्रों ने विचारों को मूर्त रूप देकर सृजनात्मकता व वैज्ञानिक दृष्टिकोण को तार्किक रूप से हल करने की शिक्षा दी।






## ड्रोन से समझा रिप्रोडक्टिव सिस्टम



बीएससी के छात्रों ने सोलर सिस्टम, वेस्ट मटेरियल मैनेजमेंट, औषधीय व अनेक गुणकारी पौधों की जानकारी व नए दौर में ड्रोन सिस्टम के प्रत्यक्ष प्रदर्शन व रिप्रोडक्टीव सिस्टम को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने किया और छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शिक्षा शिक्षण को और रुचिकर बनाया जा सकता है। यह शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष को उजागर करती है और प्रत्येक छात्रों में कौशलात्मक विकास, वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाती है।

# ई-वेस्ट से स्टूडेंट्स ने तैयार किया रोबोट की-बोर्ड से बनाया अनोखा पेन होल्डर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा कंप्यूटर डे के अवसर पर बेस्ट इन ई-वेस्ट मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक स्केलेटन इलेक्ट्रॉनिक स्पाइडर और की-बोर्ड की सहायता से पेन होल्डर, फोटो फ्रेम, सीडी के द्वारा फ्लॉवर पॉट, रोबोट, ई-ट्री, मिरर होल्डर जैसी बहुत सारी चीजें बनाई गईं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार की कलात्मक अभिरुचि उन्हें नई सोच और नई दिशा देगी, मगर विद्यार्थी याद रखें कि यह शुरुआत है। उनकी सोच गहरी और विकसित होनी चाहिए, जिससे नवाचार और नव प्रवर्तन को बढ़ावा मिले। प्रथम स्थान पर पीजीडीसीए से प्रीति, जूही और ग्रुप द्वितीय स्थान पर तन्वी और यश और ग्रुप, तृतीय स्थान पर सज्जन और हर्ष रहे। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल का अवलोकन किया।

## क्रिसमस बाजार सजकर तैयार, गिरजाघरों में रंगरोगन का काम शुरू

कार्नर न्यूज

# क्रिसमस पर घर सजाने खरीद रहे क्रिसमस ट्री, बच्चों को भा रहा बैटरी से चलने वाला सांताक्लॉज और स्टार लाइट

**रायपुर।** क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। गिरजाघरों में रंगरोगन किया जा रहा है। इस बार भी चर्च प्रांगण में प्रभु यीशु के जन्मस्थली के प्रतीक के रूप में घास-फूस से आकर्षक झोपड़ी बनाई जाएगी। बैठक के बाद क्रिसमस को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। इधर दूसरी ओर क्रिसमस को लेकर दुकानों में आकर्षक साज-सज्जा के सामान के साथ क्रिसमस ट्री, सांताक्लॉज, सांताक्लॉज ड्रेस, स्टार, मास्क, झूमर आदि खूब बिक रहे हैं। इसके साथ ही दुकानों के बाहर छोटे-छोटे स्टॉल लगाए जा रहे हैं। घर को सजाने की सामग्री बेची जा रही है। इसके साथ ही मसीही समाज के लोग अभी से क्रिसमस की तैयारियों में लग गए हैं। क्रिसमस के दिन 25 दिसंबर को मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु की प्रार्थना करेंगे और एक-दूसरे को बधाइयां देंगे और क्रिसमस पर्व की खुशियां बांटेंगे।



## झोपड़ी बनाएंगे, आकर्षक साज-सज्जा भी

नेताजी सुभाष स्टेडियम के पीछे स्थित सेंट पॉल्स चर्च कैथेड्रल और बैरनबाजार के सेंट जोसेफ चर्च प्रांगण में प्रभु यीशु की जन्मस्थली के प्रतीक के रूप में घास-फूस से आकर्षक झोपड़ी बनाई जाएगी। यहां बालक यीशु और मां मरियम, गड़रिए की झांकी सजाई जाएगी। इसके अलावा डगनिया स्थित सेंट मैथ्यूज चर्च, न्यू पुरैना महावीर नगर चर्च, खमतराई चर्च, मोवा चर्च, जोरा चर्च, टाटीबंध चर्च में भी जन्मस्थली की झांकी तैयार होगी।

## बच्चों के लिए खरीद रहे सांताक्लॉज ड्रेस



बाजार में घरों को सजाने की कई वस्तुएं मौजूद हैं। बच्चों के लिए भी कई वस्तुएं मौजूद हैं, जिसमें बच्चों को सीढ़ी और रस्सी पर चढ़ने वाला सांताक्लॉज खूब भा रहा है। दरअसल बैटरी से संचालित इस सांताक्लॉज को इस प्रकार डिजाइन किया गया है, जो सीढ़ी और रस्सी पर आसानी से चढ़ता है। यह बच्चों को खूब भा रहा है। क्रिसमस ट्री, रंगबिरंगे सितारे, कार्ड, झूमर, बेल, हैंगिंग ट्री, क्रिस्टल बॉल, रेडियम बॉल व ग्रीटिंग कार्ड्स बेचे जा रहे हैं, जिसकी कीमत 20 रुपए से दो हजार रुपए तक है।



## आर्टिफिशियल पेड़ के पत्तों से क्रिसमस ट्री

क्रिसमस में घरों की सजावट के लिए बाजार में विभिन्न तरह के क्रिसमस ट्री और पेपर स्टार उपलब्ध हैं। बूढ़ातालाब स्थित गिफ्ट दुकान के संचालक वेदांत गुप्ता ने बताया कि बाजार में 3 से 10 फीट के क्रिसमस ट्री हैं, जिसकी कीमत पिछले साल 300 से 1500 तक थी, जो इस बार लोगों को 100 से 200 रुपए महंगी मिल रही। उन्होंने बताया कि इस बार जो बाजार में आने वाले क्रिसमस ट्री में लाइट, आर्टिफिशियल पेड़ के पत्तों की नई डिजाइन है। इस वजह से दाम बढ़ गए है। हर साल नए तरह के क्रिसमस ट्री आते हैं। इन दिनों लोग घर की सजावट के लिए रंग बिरंगी झालर, कलर पेपर, जिंगल बेल, बैलून की भी खरीदारी रहे हैं, यह भी पिछले साल से 50 से 100 रुपए महंगा है।

## सिटी लाइव

# समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर 20 मितानिन सम्मानित



**रायपुर।** मितानिन दिवस पर सोमवार को 20 मितानिन महिलाओं को सम्मानित किया। अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि अमलीडीह, गुरमुख सिंह नगर, राजीव पांडे नगर, महात्मा गांधी नगर, फुंडहर इन सभी बस्ती क्षेत्र की आंगनबाड़ी में कार्य कर रहीं 20 मितानिनों का चयन कर उन्हें उत्कृष्ट कार्य व सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। मितानिनों को समर्पित इस आयोजन में उनके मनोरंजन के लिए गीत-संगीत और नृत्य का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं ने स्वयं भाग लेते हुए बड़े उत्साह के साथ आनंद लिया। सभी मितानिनों को उपहार स्वरूप साड़ियां दी गईं और सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था ने बताया कि समाज के अंतिम छोर में रहकर कठिन परिस्थितियों में अपनी सेवाएं जरूरतमंदों को देती महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों के अतिरिक्त शहर के बस्ती क्षेत्र में काम करती हैं।

### समाज को मजबूत बनाती हैं मितानिन

शासन द्वारा समाज में कमजोर वर्गों के लिए जो भी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी योजनाएं लागू की जाती हैं, मितानिन उन्हें आम लोगों तक पहुंचाती हैं। परंतु देखने में आता है कि उनके कठिन परिस्थितियों में किए जा रहे कार्यों के बाद भी आम जनमानस का ध्यान उनकी ओर नहीं जा पाता और न उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाता है। इसे देखते हुए लावण्या फाउंडेशन ने मितानिनों के लिए इस तरह का यह पहला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था की ओर से पद्मा शर्मा, आरके तिवारी, सरिता शर्मा, केआर ऊके, सविता मौर्य, राजेंद्र स्वास्तिक, सुमन अग्रवाल, ऋचा हिंदुजा, प्रतिमा नंदी, रीना पलिका, मनोज खरे, निर्मल जैन, आरती श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

# शास्त्रीय गायन और वादन से सजी महफिल बच्चों ने विभिन्न विधाओं में पेश किया संगीत



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अंतर मंडलीय संगीत प्रतियोगिता गीत गुंजन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अतंर्गत शास्त्रीय गायन, एकल) सुगम गायन, एकल, शास्त्रीय वादन, एकल, सुगम वादन, एकल विधाओं में कलाकारों के द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इस कार्यक्रम में तीनों रेल मंडल रायपुर, नागपुर, बिलासपुर एवं मुख्यालय के कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज गुरूमुखी वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं डॉ. दर्शनिता बी. अहलूवालिया प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे थे। इस कार्यक्रम के विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता चक्रवर्ती एवं पंडित सुनील वैष्णव निर्णायक मंडल के रुप में उपस्थित रहे।

### प्रतिभाओं को निखारने मिला मंच

उल्लेखित है कि वर्तमान में वर्ष 2024-25 में अभी तक लगभग 2500 कर्मचारी एवं कर्मचारियों के परिवारजनों ने दपूम रेलवे के विभिन्न स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दपूम रेलवे में आयोजित इन प्रतियोगितों का उद्देश्य रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के बहुमुखी प्रतिभाओं को निखारने हेतु मंच प्रदान करना है।

## कैंपस इवेंट

# माइक्रो टाइम मैनेजमेंट से पीएससी में मिली सफलता, टॉपर पुनीत ने साझा किए अनुभव



**रायपुर।** पीएससी राज्य सेवा परीक्षा के टॉप 10 में शामिल पुनीत राम वर्मा ने सोमवार को नूतन स्कूल टिकरापारा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को सफलता के टिप्स दिए। उन्होंने अपनी तैयारी का अनुभव साझा करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए नूतन स्कूल टिकरापारा की निःशुल्क कोचिंग को ज्वाइन किया था, क्योंकि वे एक गरीब परिवार से तालुकात रखते हैं। महंगी कोचिंग अटेंड करने का उनके पास क्षमता नही थी। उन्होंने लगातार 5:00 बजे से 9:00 तक,प्रतिदिन क्लासेस अटेंड की। अच्छा सर्कल बनाया। रविवार को निःशुल्क मॉडल टेस्ट पेपर में अपनी तैयारी का असेसमेंट किया। पुनीत ने बताया की जो क्लासेस में पढ़ाया जाता है, वह रोज उनके दिमाग में रिवाइज होते रहता था। पुनीत ने सफलता के लिए माइक्रो टाइम मैनेजमेंट को सफलता का मूल मंत्र बताए।

### सीखाया नोट्स बनाने का तरीका

पुनीत ने बताया कि बताया सफलता के लिए पॉजिटिविटी जरूरी है। मुख्य परीक्षा के लिए राइटिंग स्किल और साक्षरता के लिए मैंने हमेशा मॉक इंटरव्यू की प्रैक्टिस की है। इस अवसर पर तैयारी करने वाले में अभ्यर्थीयो ने पुनीत से सिलेबस, पुस्तकों का चयन, पढाई और नोट्स बनाने का तरीका भी सीखाया। लाइब्रेरी में किस तरह पुस्तकों का चयन करें, तथ्यों के साथ पेश किया। निशुल्क कोचिंग के संचालक के एम अग्रवाल ने बताया कि पुनीत के पहले भी, यहां से हजारों की संख्या में प्रदेश और देश में विभिन्न प्रतियोगिकी परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों के लिस्ट है।

**स्मार्ट सिटी में कई ऐसे स्थान, जहां बड़े शहरों की तर्ज पर खानपान की मिल रही सुविधा**

# मेट्रो सिटी की तरह तड़के 4 बजे से देर रात तक चौपाटी कल्चर, देशी-विदेशी ब्रेकफास्ट के स्पॉट भी

स्मार्ट सिटी में मेट्रो सिटी की तरह खानपान के लिए मरीन ड्राइव से लेकर एनआईटी तक नए स्पाट के रूप में सुबह 4 बजे से चौपाटी कल्चर सजने लगा है। यहां रात ही नहीं, बल्कि दिन में भी बेजोड़ चौपाटी सज रही हैं। ऐसे कई स्थान हैं, जहां युवाओं समेत फैमिली के साथ भी हर वर्ग के लोग व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। पसंद को देखते हुए अलग-अलग फ्लेवर में चाय-कॉफी, ब्रेकफास्ट भी आर्डर पर तैयार किया जाने लगा है। युवाओं के रात-दिन चौपाटियों व रेस्टोरेट में भी बीतने लगे हैं, इनमें स्ट्रीट फूड लवर्स का क्रेज भी बढ़ा है।'



**रायपुर।** शहर में कई चौपाटी, होटल, रेस्टोरेंट सहित तमाम जगहों पर एक से बढ़कर एक जायकों के भी स्टाल सजने लगे हैं। जहां खानपान के शौकीनों का हुजूम उमड़ता है। युवाओं की भीड़ सुबह से लेकर देर रात तक देखने को मिलती है। युवाओं के खानपान की बात करें तो खाने में 40 प्रतिशत अनाज होना चाहिए। 35 प्रतिशत फल और सब्जियां होनी चाहिए। इसके अलावा 20 प्रतिशत प्रोटीन होने चाहिए, जो दाल, डेयरी प्रोडक्ट से मिलते हैं। जिम जाने वाले छात्रों को प्रोटीन की मात्रा ज्यादा रखनी चाहिए। तला हुआ भोजन (फास्ट फूड) और मिठाइयां केवल 5 प्रतिशत ही खाना चाहिए, लेकिन रायपुर के युवा इस मामले में बिलकुल उलटे हैं। वे 80 प्रतिशत सिर्फ बाहर का फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं। इससे चौपाटियों में रौनक बढ़ने लगी है।



### लगता है शौकीनों के लिए तड़का



सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वालों का मजमा, जयस्तंभ चौक और शारदा चौक से लेकर एनआईटी तक रोज लगता है। इसके साथ ही सुबह से शाम तक रायपुर में कई चौपाटी, होटल, रेस्टोरेंट में एक से बढ़कर एक व्यंजनों का तड़का लगता है। देवेंद्र नगर चौक के पास तो सुबह 4 बजे से ही इडली, डोसा तो आगे बढ़ने पर केंद्रीय जेल परिसर में देशी व्यंजन भी परोसे जाते हैं। इनमें मैदा का उपयोग नहीं किए जाने से लोग गर्म-गर्म व्यंजन खाना पसंद करते हैं। वहीं मरीन ड्राइव में युवाओं की भीड़ शाम को ज्यादा देखने को मिलती है। यहां कई फ्लेवर में आइसक्रीम मिलते हैं। पापड़ी चाट, सेवपुरी, बटाटा पुरी, आलू टिक्की, झालमुरी भी युवा खाना पसंद करते हैं।

### यहां चटपटे व्यंजनों की वैरायटीज

एमजी रोड नाइट चौपाटी, एनआईटी नाइट चौपाटी, गढ़कलेवा, तेलीबांधा चौपाटी, कटोरा तालाब-शंकर नगर की चौपाटी में लोग बेहतर माहौल होने से फैमिली के साथ भी घूमने-फिरने और देशी-विदेशी व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए आसपास कई जगहों पर ऐसे कैफे हैं, जहां लोगों को स्वादिष्ट चटपटे व्यंजन खाने को मिलते हैं। सुबह जगह-जगह इंदौर-भोपाल की तर्ज पर पोहा पाइंट भी सजते हैं। इसके अलावा कई ऐसे ठेले-गुमटी हैं, जो खास अपने डिश के लिए पहचाने जाते हैं। जैसे राठौर चौक का समोसा, जवाहर नगर की चना चाट, कटोरा तालाब का कबाब और रेलवे स्टेशन रोड का पोहा, जलेबी, रामसागर पारा की बालूशाही फेमस है।

### खास बनाती है शाम को यूथ की भीड़

इसके अलावा एनआईटी, शंकर नगर, कटोरा तालाब सहित शहर के दर्जनभर चौपाटी स्थलों पर पुलाव, पावभाजी, चाउमीन, गुपचुप, चाट पहली पसंद है। इनके बीच एक बड़ा वर्ग है, जो वेज पकौड़ा, मंचूरियन जैसे व्यंजनों को आर्डर करने में रुचि ले रहा है। चौपाटी में सैंडविच, कॉर्न की ढेरों वैरायटीज के साथ कई प्रकार के रोल्स, चाउमीन, पनीर टिक्की को भी युवा वर्ग खाना पसंद कर रहा है। तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में लजीज व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए हुजूम उमड़ता है, लेकिन शाम को यहां युवाओं की भीड़ इस जगह को खास बना देती है। यहां चौपाटी में कई तरह के लजीज व्यंजन मिलते हैं, लेकिन सबसे खास है मरीन ड्राइव में आइसक्रीम का स्वाद।

# आचार्य विद्यासागर ने लोहे की तरह जीया पूरा जीवन अंतिम समय में भी करते रहे सभी नियमों का पालन

*डोंगरगढ़ में विशाल समाधि स्थल के निर्माण के साथ रायपुर बड़ा मंदिर में लघु तीर्थ का जल्द होगा निर्माण*

**रायपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज के परम प्रभावक शिष्य आध्यात्म योगी, चर्या शिरोमणि, वितरागी श्रमण संस्कृति के आध्यात्मिक सद्गुरु श्री 108 आगम सागर जी महामुनि राज, श्री 108 पुनीत सागर जी महामुनिराज एवं ऐलक श्री 105 धैर्य सागर जी महामुनिराज का भव्य मंगल प्रवेश डोंगरगढ़ से राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, चरोदा, कुम्हारी से राजधानी रायपुर में हुआ। महाराजश्री के यहां मंगल प्रवेश से सकल जैन समाज में उल्लास छा गया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ ) मालवीय रोड के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक, पूर्व सचिव राजेश रज्जन जैन एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने संयुक्त रूप से बताया कि 108 आगम सागर महाराज का ससंघ भव्य चतुर्मास इस वर्ष छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव शहर में हुआ था। चातुर्मास समाप्ति के पश्चात 108 आगम सागर महाराजजी का विहार डोंगरगढ़ स्थित तीर्थ चंद्रगिरी की ओर हुआ, जहां विश्ववंदनीय महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि के दर्शन कर सीधे रायपुर राजधानी की ओर विहार कर अपना मंगल आशीर्वाद एवं सानिध्य रायपुरवासियों को दे रहे हैं। प्रातः सुबह 8 बजे कुम्हारी स्थित कुम्हारी फार्म हाउस पहुंचने के पूर्व विहार कर रहे जैन समाज के साधु एवं माताजी का मंगल मिलन भी हुआ जाना सभी ने रुक कर आगम सागर महाराज जी का आशीर्वाद लिया। कुम्हारी स्थित फार्म हाउस पहुंच कर उपस्थित सभी ने सामूहिक आचार्यश्री पूजन किया। तत्पश्चात महाराजजी की आहारचर्या संपन्न हुई।



### ख्याति पूजा लाभ से हमेशा दूर रहे

आचार्यश्री इस धरती के ऐसे संत थे, जो ख्याति पूजा लाभ से हमेशा दूर रहे। उन्होंने कभी किसी भी धर्म उनके गुरु किसी व्यक्ति को कभी कुछ नहीं कहा। वो स्वयं कम बोलते थे, हमेशा उनके काम बोलता था। आज जिस स्थान पर उनकी समाधि है, वह छत्तीसगढ़ में रायपुर के निकट है, ये रायपुरवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। उनके प्रथम समाधि दिवस के उपलक्ष्य पर 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है, जिस पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं को भाग लेना चाहिए।

### स्वयं कम बोलते थे, हमेशा उनका काम बोलता था

दोपहर 1 बजे महाराजजी विहार कर शाम 5 बजे मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) पहुंचे, वहा संध्याकालीन प्रवचन में 108 आगम सागर महाराज ने बताया कि आचार्यश्री अपने जीवन को लोहे कि तरह जीया। जीवनभर किसी भी सहारे में नहीं रहे। अपने अंतिम समय में भी वो अपने सभी नियमों का पालन करते रहे। उनकी कृपा से छतीसगढ़ के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरी का विशाल तीर्थ बन रहा है। यहां तीर्थ थे नहीं। आज भारत के साथ साथ विदेशों ने भी छत्तीसगढ़ की विशेष पहचान बन गई है।

# जल संरक्षण -विक्रांत एनएच का मॉडल परिसर में व्यंजनों का आनंद मेला

**रायपुर।** जल संरक्षण के लिए घर से निकलने वाले गंदे पानी का इस्तेमाल हम किस तरह से दूसरे कामों में कर सकते हैं। इसे कचहरी चौक स्थित राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाने का प्रयास किया। किसी ने ग्रहों के चक्र को मॉडल के जरिए दिखाने के लिए उसे तैयार किया, तो किसी ने प्रदर्शनी में विक्रांत एनएच को धर्माकोल के कई जरूरी सामग्री से आकार दिया। इसे देखने के लिए उनके परिवार के लोग भी पहुंचे। वहीं दूसरी तरफ छात्र-छात्राओं ने आनंद मेला में स्टाल सजाया था। जहां बाजार की तरह कहीं छात्राएं पकौड़ा तल रही थी, तो छात्र गुपचुप खिला रहे थे। भेल और मैगी का स्टाल भी वे सजाकर खड़े थे।



### इस तरह के आयोजन जरूरी

आनंद मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ दोपहर 12 बजे पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से रिटायर्ड प्रो. डॉ. केके अग्रवाल ने किया।



इसके बाद स्कूल संचालन से जुड़े अजय तिवारी ने बताया कि आनंद मेला में 27 स्टाल छात्र-छात्राओं ने लगाया है। इसके साथ ही विज्ञान पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी सजाई है। इसे देखने के लिए छात्र-छात्राओं के गॉर्जियन्स भी आनंद मेला में पहुंचे। मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। इससे विद्यार्थी जीवन से समाज द्वारा बनाई गई व्यवस्था से उन्हें जोड़ने में मदद मिलती है।

### दिनभर रहा खुशनुमा माहौल

स्कूल में दिनभर विद्यार्थी के परिवार से जुड़े लोग भी इस खुशनुमा माहौल में पहुंचे। यहां उनके बच्चों के द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी को लोग देखने के बाद किस-किस तरह के सवाल कर रहे हैं। उनको बच्चे किस तरह से अपने भावों को बता और समझा रहे हैं। परिवार के लोगों ने दूर खड़े होकर इसे भी जांचने का प्रयास किया। विद्यालय में उनके बेटे-बेटियों का किस तरह के माहौल में पढ़ाई हो रही है। गॉर्जियन्स ने यह भी जांचने का प्रयास किया। इसके बाद स्टाल में 10,20 रूपए प्लेट गुपचुर, चार्ट, भेल, पकौड़े, का भी स्वाद लिया।

**राजधानी के प्रमुख मंदिरों में 6 दिसंबर को गोधूलि बेला में होगा बारात स्वागत**

# राम-सीता की विवाह पंचमी पर होगी शादी मंदिरों में हल्दी लगाने की निभा रहे रस्में

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी अगहन माह में विवाह पंचमी तिथि पर भगवान राम और माता सीता का विवाह प्रमुख आस्था केन्द्रों में होने वाला है। 6 दिसंबर को होने वाले इस आयोजन से पहले सोमवार को भगवान श्रीराम-सीता विवाहोत्सव के क्रम में हल्दी लगाने की रस्म निभाई गई। सुबह पुरानी बस्ती के गोपीदास मठ, जैतूसाव मठ में विवाह की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। विवाह वाले दिन श्रीराम की प्रतिमा को दूल्हे के रूप में सजाया जाएगा। माता सीता की प्रतिमा का भी दुल्हन रूप में श्रृंगार किया जाएगा। विवाह के बाद बारातियों का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा। इससे पहले चार दिनों तक हल्दी-तेल लगाने की रस्म के साथ महिलाओं की टोली मंगल गीत गाने के लिए भी पहुंची।





### मठ में रोज गाया जाएगा विवाह गीत

पुरानी बस्ती स्थित जैतूसाव मठ के पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि सोमवार से विवाह महोत्सव का सिलसिला शुरू हो गया है। श्री ठाकुर राम-जानकी को विवाहोत्सव के अंतर्गत हरिद्रलेपन (तेल हल्दी) चढ़ाया गया। जिस तरह से परिवार में शादी के मौके पर महिलाएं पारंपरिक विवाह गीत गाती हैं, उसी तर्ज पर महिला मंडली द्वारा छत्तीसगढ़ी बिहाव गीत गाने का क्रम शुरू हो गया है। इस जिम्मेदारी को शारदा शुक्ला, शैल अग्रवाल, शालिनी, संतोषी अग्रवाल, सावित्री यदु, स्वाति, प्रमिला, उषा झा, योगिता यदु की टोली इस बार भी निभा रही हैं। यह क्रम विवाह पंचमी तक चलेगा। इसमें आसपास के लोग भी शामिल हुए।

### हजारों भक्त होंगे विवाह में शामिल

विवाहोत्सव में शामिल होने लाखेनगर चौक, बनियापारा, पुरानी बस्ती क्षेत्र के हजारों भक्त जैतूसाव मठ, गोपीदास मठ में भी पहुंचेंगे। वहीं शिवरीनारायण में भी वैवाहिक उत्सव का माहौल रहेगा। जैतूसाव मठ के ट्रस्टी अजय तिवारी ने बताया कि आमंत्रण पत्र बांटने की रस्म हर साल निभाते हैं। विवाह पंचमी के दिन गोधूलि बेला में सभी रस्में निभाने के साथ ही बारात स्वागत किया जाएगा। इसके बाद विवाह में शामिल भक्तों को भोग-प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि हल्दी-तेल चढ़ाने की परंपरा गुरुवार तक निभाई जाएगी, इसके बाद शुक्रवार को शादी होगी।

### बांटी गई जिम्मेदारी

विवाह पंचमी के दिन सुबह हवन, पूजन, महाआरती और दोपहर 12 बजे दूल्हा-दुल्हन के रूप में भगवान राम व माता सीता का भक्त श्रृंगार दर्शन करेंगे। बाराती मंदिर परिसर की परिक्रमा करेंगे। दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके पहले मठ को विवाह उत्सव के लिए सजाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। विवाह पंचमी उत्सव के लिए मठ में अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी बांटी गई है, ताकि आयोजन में सुचारू व्यवस्था बनी रहे।

ज्योतिष शास्त्र

## जानिए आपके प्रेम जीवन और वैवाहिक जीवन के लिए कैसा रहेगा मंगलवार का दिन



ज्योतिष शास्त्र में आपकी कुंडली में शुक्र की सकारात्मकता ही आपके प्रेम जीवन का भविष्य तय करती है। प्रेम और वैवाहिक जीवन में जो जातक एक-दूसरे से प्रेम के बंधन में बंधे हुए हैं चंद्र राशि की गणना के आधार पर रोज होने वाली वार्ता के संबंध में भविष्यवाणी की जाती है। यदि किसी भी समय शुक्र आपकी कुंडली में सकारात्मक अवस्था में है, तो आपको रिश्तों में कम संघर्ष और प्रेम में अधिक अवसर दिखाई देंगे। यहां दिया गया दैनिक लव राशिफल (Daily Love Rashifal) चंद्र राशि पर आधारित है। जानें प्रेम जीवन के लिहाज से कैसे गुजरेगा आपका दिन।

मेष : यह दिन मनोरंजन से भरपूर है जहाँ आप खुल कर जीना चाहते हैं। घरेलू कामों में आपका ध्यान अधिक होगा लेकिन इस दौरान अपने पार्टनर को भी याद रखें।

वृष : आज नए लोगों से मिलने के लिए तैयार रहें, हो सकता हैं किपना सोलमेट मिल जाए। दोस्त या प्रेमी के साथ लॉग ड्राइव या घूमने जाने की आपकी लालसा पूरी होगी।

मिथुन : कुछ रोमांटिक मोमेंट भी आपकी प्रतीक्षा में हैं। आप अपने पंखों को खोल कर उड़ना चाहते हैं, तो आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें।

कर्क : दिल की बातें दिल ही जाने और जाने न कोई, लेकिन आपके मामले में ऐसा नहीं हैं क्योंकि आप अपने दिल की हर बात अपने साथी से शेयर करते हैं। आप दोनों को केमिस्ट्री एकदम परफेक्ट है और यही कारण है कि लोग आपकी मिसाल देते हैं।

सिंह: आज कुछ लोग आपके जीवन में समस्या पैदा कर सकते है लेकिन अपने प्रियजनों की मदद से सब कुछ सही हो जायेगा। जहाँ तक प्रेम संबंधों की बात है आप रोमांचक और मनोरंजक महसूस करेंगे।

कन्या : कोई जरूरी निर्णय लेने के लिए यह समय उचित है। अगर आप सिंगल हैं तो अभी कुछ समय इंतजार करें। अपने जीवन साथी के सुझावों पर हमेशा ध्यान दें, इससे आपको मंजिल जल्द ही मिल जाएगी।

तुला : आज हर चीज आपको आकर्षित और प्रभावित कर रही है। इस सुनहरे चरण को अपने साथी और परिवार के साथ मनाएं। यात्रा की योजना के रद्द होने से आप दोनों परेशान हो सकते हैं ऐसे में अपने मूड को ठीक करने के लिए आप साथ में भोजन बना या मूवी देख सकते हैं।

वृश्चिक : बिजी कार्यक्रम के कारण आज आपकी रोमांटिक जिंदगी में समस्या आ सकती है। आपको घर और कार्य में संतुलन बनाये रखना होगा। जीवन के बगीचे में अगर प्रेम के फूल चाहिए तो आपको अपनी इस बगिया को अपने प्यार और विश्वास से सींचना चाहिए।

धनु : निजी मामले और परिवार आपके लिए सबसे अधिक आवश्यक हैं। आप और आपके लव के बीच कुछ चीजों को लेकर खट्टी मिट्ठी नोकझोंक हो सकती हैं।

मकर : इस समय लक पूरी तरह से आपके साथ हैं जहाँ आपको काम में सफलता मिलेगी वहीं रिश्तेदार भी आपके सहयोग के लिए तैयार हैं। आपके पार्टनर के लिए तो आपका आकर्षण और करिश्मा ही काफी है।

कुंभ : यह समय इश्क के लिए बेहतरीन नहीं है। प्रेम जीवन में समस्याएं आ सकती हैं। बॉस या अधिकारी आपसे प्रभावित हैं और जल्द ही आपका भाग्य पलटने वाला है। किसी की तरफ आकर्षण महसूस कर रहे हैं तो इजहार करने में देरी न करें अन्यथा पछताना पड़ सकता है।

मीन : आप आज शानदार जीवनशैली की उम्मीद कर रहे हैं जिससे आपको नाम, शोहरत और पैसा सब कुछ मिले। इन सब का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर पड़ेगा। जीवनसाथी के साथ रोमेंटिक डिनर की संभावना है।

## गृह प्रवेश करते समय इन वास्तु नियमों का रखें ध्यान नहीं होगी पैसों की तंगी



जब भी आप किसी नए घर में प्रवेश करते हैं तो वहां के वास्तु का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। जैसा कि सबको ज्ञात है कि घरों में सकरात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रखने के लिए घर का वास्तु सही होना बेहद जरूरी है। यदि आप गृह प्रवेश सही ढंग से नहीं करते हैं तो घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ ही हमें आर्थिक समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

### याद रखें ये नियम

जब आप घर में प्रवेश करें तो सबसे पहले अपना दाहिना पैर घर के अंदर रखें। सभी कमरों में दीपक जलाएं। रसोई का उद्घाटन करने के लिए सबसे पहले नए बर्तन में दूध उबाले और इसका प्रसाद बनाकर घर के सभी लोगों को बांटे। वास्तु के अनुसार अगर आप नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, तो रविवार और मंगलवार का दिन न चुनें। इसके साथ ही प्रतिपदा तिथि पर भी गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए। वास्तु के अनुसार घर के मुख्य द्वार पर अशोक के पत्तों का तोरण लगाना चाहिए। इसके अलावा घर में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की मूर्ति गृह प्रवेश के दौरान स्थापित करना चाहिए। वास्तु के अनुसार, मूल, अश्लेषा, ज्येष्ठा और आर्द्रा नक्षत्र ग्रह प्रवेश के लिए शुभ नहीं होता है, ऐसा करने से धन की हानि हो सकती है। इसके अलावा विशाखा नक्षत्र में गृह प्रवेश करने से बड़ी विपत्ति आ सकती है वास्तु शास्त्र के अनुसार, गृह प्रवेश के लिए माघ, फाल्गुन, ज्येष्ठ और वैशाख का महीना सबसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस माह में गृह प्रवेश करने से धन और वंश की वृद्धि होती है, मार्गशीर्ष माह में भी गृह प्रवेश किया जा सकता है। वास्तु के अनुसार, कृष्ण और शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि गृह प्रवेश के लिए शुभ मानी जाती है।

स्वाद तो बढ़ता ही है, साथ ही सेहत के लिए भी है काफी फायदेमंद

# सुबह के वक्त कच्चा लहसुन खाने को लेकर कभी न भूलें ये 3 महत्वपूर्ण बातें

*लहसुन को हम भले ही मसाले के तौर पर इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये किसी आयुर्वेदिक औषधि से कम नहीं है। इसके सेवन का सबसे अच्छा वक्त सुबह का है। लहसुन का इस्तेमाल भारतीय घरों की रसोई में लंबे समय से किया जा रहा है। जो खाने में स्वाद को मजा दोगुना कर देता है। इससे खाने का स्वाद तो बढ़ता ही है साथ ही, साथ ये हमारी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है।*



### लहसुन में मौजूद न्यूट्रिएंट्स

कच्चे लहसुन में एलिसिन नाम का मैन कंपाउंड पाया जाता है, जो कि एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज से भरपूर होता है। साथ ही इसमें विटामिन, न्यूट्रिशनल एलिमेंट्स, विटामिन B1, B6, C, मैगनीज, कैल्शियम, कॉपर, सेलेनियम जैसे सेहतमंद एलिमेंट्स होते हैं, जो हमारी बॉडी को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं और बीमारियों को जड़ से खत्म करने का काम करते हैं।

### कच्चा लहसुन खाने के फायदे

- आचार्य बालकृष्ण के मुताबिक, अगर आप एक दिन में लहसुन की 3 से 5 कलियों का सेवन कर सकते हैं। इसे खाने से अगर आपके शरीर में बदबू आती है तो इसे छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और भिगोकर सुबह इसका खाएं.
- उन्होंने ये भी बताया कि लहसुन को सरसों या ऑलिव ऑयल में अच्छे से पकाकर अगर आप अपने दर्द वाली जगह पर लगाते हैं तो इससे दर्द और सूजन काफी कम हो जाती है।
- अगर आप ज्वॉइंट्स के दर्द से परेशान है, हाई कोलेस्ट्रॉल और हार्ट डिजीज की दिक्कत है तो लहसुन को रात से भिगोकर रोजाना सुबह खाली पेट इसको खाएं और फर्क देखें.

### अन्य फायदे


*इसके अलावा लहसुन के कई और भी फायदे हैं जिन्हें जानना आपके लिए जरूरी है।*

1. फंगल इंफेक्शन में भी लहसुन बेहद मददगार साबित हो सकता है। कई बार पैरों की उंगलियों के बीच में संक्रमण हो जाता है। रोजाना इसे अपनी डाइट में शामिल करने से बीमारियां दूर रहती हैं। साथ ही उस जगह पर कच्चे लहसुन को पीसकर लगाने से भी फायदा हो सकता है।
2. सर्दी, खांसी और सांस संबंधी बीमारी में भी लहसुन एक कारगर औषधि के रूप में काम करती है।
3. लहसुन का खाने में इस्तेमाल करने से ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी मजबूत करता है। इसमें मौजूद कई न्यूट्रिशनल एलिमेंट्स खाने को पचाने में मदद करते हैं।
4. डेली गार्लिक खाने से स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। साथ ही ये बालों के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है।
5. रोजाना लहसुन का सेवन करने से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं। इसे खाने का सबसे सही तरीका सुबह खाली पेट माना जाता है।

## ब्लड शुगर की दुश्मन हैं ये हरे दाने, सर्दी के मौसम में पाव भर खाने से ही मिलने लगेगा फायदा

हरी मटर को डेली डाइट में शामिल करके आप न केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकते हैं, बल्कि अपनी सेहत को भी बेहतर बना सकते हैं। खाने-पीने की गलत आदतों और अनियमित जीवनशैली के कारण ब्लड शुगर के मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इसलिए डाइट में ऐसे फूड्स को शामिल करना चाहिए तो ब्लड शुगर को कम करने में मददगार साबित होते हैं।

ठंड के मौसम में बिकने वाले ताजे हरे मटर ऐसा ही एक डायबिटीज फ्रेंडली सब्जी है। हरी मटर एक बेहतरीन सुपर फूड है जो न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि इसमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को संतुलित करने में सहायक होते हैं। साथ ही शरीर को कई बीमारियों से बचाने का भी काम करते हैं।



### ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

मटर में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है, जो ब्लड शुगर को मैनेज करने में मदद करता है। मटर में मौजूद फाइबर और प्रोटीन भी अचना के ब्लड शुगर में होने वाले उतार-चढ़ाव को रोकने में मददगार होते हैं।

### डाइजेशन को बेहतर करता है

हरी मटर में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। इसके साथ ही, फाइबर पेट को देर तक भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे भूख में कमी आती है और ओवरईटिंग से बचाव होता है।

### मसल्स बिल्डिंग में मददगार

हरी मटर में प्रोटीन की भी अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है और मांसपेशियों की मरम्मत में मदद करती है। ऐसे में यदि आप जिम जाते हैं तो अपने डाइट में मटर को जरूर शामिल करें।


## नींबू से बालों का झड़ना कैसे रोकें? जानें 3 तरीके जो बढ़ा देते हैं जड़ों की मजबूती

नींबू के इस्तेमाल आप बालों का झड़ना कंट्रोल कर सकते हैं। लेकिन, कैसे आइए जानते हैं सालों से इस्तेमाल किए गए इसके कुछ खास उपाय। अगर आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं तो आपको इसे कंट्रोल करने की जरूरत है और इसके लिए सबसे पहले आपको इसके कारणों के बारे में जानना चाहिए। जैसे कि झड़ते हुए बालों का सबसे बड़ा कारण है बालों में ब्लड सर्कुलेशन की कमी, डैंड्रफ और स्कैल्प इंफेक्शन। इन वजहों से आपके बाल जड़ों से कमजोर होने लगते हैं और फिर झड़ते बालों की समस्या कम होने लगती है। इसके अलावा आप नींबू का कई प्रकार से इस्तेमाल कर सकते हैं।



**सरसों तेल में मिलाकर लगाएं नींबू का रस :** बालों में नींबू लगाने के लिए आपको करना ये है कि सरसों के तेल में नींबू का रस मिला लें। फिर इसे बालों में लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इससे बालों का ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है और फिर डैंड्रफ की समस्या में कमी आती है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही इससे बालों की कमजोर जड़ों को मजबूती मिलती है।

**नींबू हेयर पैक :** बालों में आप नींबू हेयर पैक लगा सकते हैं। इसके लिए आपको करना ये है कि नींबू के रस में थोड़ा एलोवेरा जेल या फिर आप अंडा मिला लें। इसे अपने बालों में लगाएं। इससे बालों को पोषण मिलता है और फिर बालों की ग्रोथ तेजी से बढ़ती है। इसके अलावा आप ये कर सकते हैं नींबू के रस में थोड़ा सा आंवले का पानी मिलाएं और इसे अपने बालों में लगाएं। इससे भी बाल जड़ों से मजबूत होते हैं और झड़ते नहीं हैं।



## क्या सर्दियों में गर्म पानी से नहाना सेफ है ? बीपी के मरीज न करें ये गलती, आ जाएगा हार्ट अटैक

सर्दियों में गर्म पानी से नहाना शरीर को ताजगी देने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक आराम भी प्रदान करता है। लेकिन यदि आप दिल के मरीज हैं तो इस बात का ध्यान रखें। सर्दियों में नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल बहुत आरामदायक विकल्प होता है। यह आदत न केवल शारीरिक आराम देती है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम करती है। हालांकि, गर्म पानी से नहाने के फायदे के साथ कुछ नुकसान भी हैं। खासतौर पर दिल के मरीजों के लिए नहाने के पानी का टेंपरेचर सही होना बहुत जरूरी है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में स्वस्थ रहने के लिए किस तरह के पानी से नहाना आपके लिए फायदेमंद है यहां आप समझ सकते हैं-

### पानी का सही तापमान

सर्दियों में नहाने के लिए पानी का तापमान न तो बहुत ठंडा होना चाहिए और न ही बहुत गर्म. गुनगुना पानी सबसे बेहतर विकल्प होता है, जो न केवल आरामदायक होता है, बल्कि त्वचा और बीपी पर भी अच्छा असर डालता है। यदि आप गर्म पानी से नहा रहे हैं, साथ ही नहाने के बाद अच्छे से मॉइस्चराइजर लगाना भी जरूरी है, ताकि त्वचा की नमी बनी रहे।




### गर्म पानी से नहाने के फायदे

- गर्म पानी से नहाना शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के तनाव को कम करने में मदद करता है।
- गर्म पानी से नहाने से मांसपेशियों का खिंचाव कम होता है, जिससे शारीरिक आराम मिलता है।
- इसके अलावा, यह शरीर के ब्लड सर्कुलेशन को भी बढ़ाता है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व अच्छे से पहुंचते हैं।
- गर्म पानी रोमछिद्र खोलकर गंदगी को बाहर निकालता है, जिससे त्वचा की सफाई होती है।
- गर्म पानी से नहाने से पूरे शरीर की सिकाई हो जाती है जिससे अकड़न और दर्द से राहत मिलता है।

### गर्म पानी से नहाने के नुकसान

- गर्म पानी से त्वचा की नेचुरल नमी खत्म हो जाती है, जिससे त्वचा सूखने लगती है और जलन, खुजली या दरारें पड़ सकती हैं।
- गर्म पानी से नहाने से शरीर का तापमान बढ़ता है, जिससे बीपी बढ़ सकता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है, जिन्हें पहले से बीपी या हार्ट से जुड़ी समस्याएं हैं।
- अधिक गर्म पानी से नहाने पर कुछ लोगों को चक्कर भी आ सकते हैं, क्योंकि इससे शरीर में कमजोरी और थकावट का एहसास होता है।



















**फिल्म इवेंट**

## हॉलीवुड

### दुनिया का सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर जिसके आगे बॉलीवुड के रईस भी हैं चवन्नी



दुनिया के सबसे अमीर इस चाइल्ड एक्टर ने केवल 16 साल की उम्र में 50 करोड़ रुपए की संपत्ति बनाई है। इसने 6 साल की उम्र में अपना एक शो बनाया और उससे ये रातों रात स्टार बन गया। आज बॉलीवुड के ए-लिस्टर्स से भी ज्यादा पैसेवाला है। अब ये अमीर बच्चा, बॉलीवुड का तो नहीं है। इसका ताल्लुक हॉलीवुड से है। जिसने अच्छे-अच्छे एक्टर्स को अमीरी के मामले में पछाड़ दिया है। इसका नाम इयान आर्मिटेज है, जिसे आपने सिटकॉम 'यंग शेल्डन' में अहम भूमिका में देखा है। यह साल 2024 का सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर है। सेलिब्रिटीनेटवर्थ डॉट कॉम के अनुसार, 16 साल के इयान की कुल संपत्ति 6 मिलियन डॉलर यानी 50 करोड़ रुपए है। जॉर्जिया में जन्मे इयान आर्मिटेज ने अपनी YouTube वीडियो सीरीज 'इयान लव्स थिएटर' के जरिए पॉप्युलैरिटी हासिल की थी। 2014 में ये सीरीज आई थी और ये भयंकर वायरल हुई थी। इसके बाद वह 'द पेरेज हिल्टन शो' में दिखाई दिए थे और 2017 में वह एक्टिंग की दुनिया में आ गए थे और तीन फिल्में 'द ग्लास कैसल', 'अवर सोल्स एट नाइट', और 'आई एम नॉट हियर' में नजर आए थे। इसके अलावा टीवी शो 'लॉ एंड ऑर्डरः स्पेशल विक्टिम्स यूनिट' और 'बिग लिटिल लाइज' में भी दिखे थे। इयान को 'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिनऑफ 'यंग शेल्डन' में मुख्य भूमिका के लिए साइन किया गया था।

## टॉलीवुड

### पूरी हुई पेल्ली कुथुरु की रस्म, लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं नागा की दुल्हन



नागा चैतन्य और शोभिता की शादी की घड़ी नजदीक आ रही है। दोनों पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ शादी रचाने वाले हैं। कहा जा रहा है कि खूबसूरती जोड़ा 4 दिसंबर को विवाह बंधन में बंधेगा। फिलहाल शादी से पूर्व की रस्में चल रही हैं। हाल ही में शोभिता ने अपनी हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें फैंस के साथ साझा की थीं। आज उन्होंने अपनी पेल्ली कुथुरू रस्म की झलकियां दिखाई हैं। शोभिता धुलिपाला ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी पेल्ली कुथुरु रस्म की तस्वीरे हैं। सुर्ख लाल रंग की साड़ी में शोभिता बेहद प्यारी लग रही हैं। पोस्ट के साथ शोभिता ने कैप्शन लिखा है, 'पेल्ली कुथुरू'। शोभिता और नागा की शादी तमिल रीति-रिवाज से होगी। शादी से पूर्व की हर रस्म शोभिता पूरे विधि-विधान से कर रही हैं। आज सोमवार को उन्होंने पेल्ली कुथरू की तस्वीरें साझा की हैं। इसमें होने वाली दुल्हन को घर की महिलाएं आशीर्वाद देती नजर आ रही हैं। लाल साड़ी में शोभिता पारंपरिक अंदाज में तैयार हुई हैं। उन्होंने गोल्ड ज्वैलरी से अपना लुक कंपलीट किया है।

## भोजपुरी

### नई भोजपुरी मूवी 'बड़ी मां-छोटी मां' का ट्रेलर हुआ रिलीज



नई भोजपुरी मूवी 'बड़ी मां-छोटी मां' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में शुभी शर्मा और संजना पांडे ने सौतन का किरदार निभाया है। कहानी बांझ होने, दूसरी शादी करने और बेटे के बंटवारे को लेकर है। कहानी इमोशनल है और सभी के दिलों को छू रही है। एक औरत के लिए मां ना बन पाना किसी दुर्भाग्य से कम नहीं होता। कुछ ऐसा ही हुआ शुभी शर्मा के साथ, जिन्होंने मां नहीं बन पाने पर अपने पति की शादी दूसरी लड़की (संजना पांडे) से करवा दी। वो मां भी बन गई और अपनी कोख यानी अपने बेटे को खुशी-खुशी अपनी सौतन को दे दिया। पर उसकी जिंदगी तब तूफान आ गया, जब उसे पता चला कि वो दूसरे बच्चे को जन्म नहीं दे सकती है। इसके बाद जो हुआ, वो कहानी आपको झकझोर देगी। नई भोजपुरी मूवी 'बड़ी मां-छोटी मां' के 4 मिनट 51 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजना पांडे ने तो अपने बेटे को दान कर दिया, लेकिन शुभी शर्मा ने बेटे को बांटने से इनकार कर दिया। उसने मां-बेटे को दूर कर दिया। संजना ये दुख बर्दाश्त नहीं कर पाई और आखिरी में उसने दुनिया को अलविदा कह दिया। इस फिल्म में शुभी शर्मा और संजना पांडे के अलावा राकेश बाबू, आर्यन बाबू, रिंकू भारती, प्रेम दुबे, श्रद्धा नवल, प्रेरणा शर्मा, भूपेंद्र सिंह, गौरव पंडित और आशुतोष राय हैं। फिल्म का निर्देशन अनंजय रघुराज ने किया है। लेखक सत्येंद्र सिंह हैं।

**लाइफ स्टाइल**

## बेबो का ग्लैमरस सिजलिंग लुक

रविवार रात करीना कपूर सब्यसाची की डिजाइन की हुई साड़ी में नजर आईं, जिसमें बेबो बेहद बोल्ड और खूबसूरत दिखीं। करीना कपूर खान हमेशा अपने स्टाइल से सभी को हैरान कर देती हैं। इस बार, बेबो चमचमाती सिल्वर साड़ी में नजर आईं और देखने वालों की नजरें उनसे हटी ही नहीं। 1 दिसंबर, 2024 को एक इवेंट के लिए, करीना ने एक सीक्वेंस साड़ी में अपनी एंट्री से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जिसमें उनका लुक बेहद ही बोल्ड और एलिगेंस दिखा। इस इवेंट के लिए करीना कपूर ने मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के कलेक्शन की सीक्वेंस साड़ी पहनी। पूरी साड़ी पर सिल्वर वर्क, एकदम परफेक्ट तरीके से ड्रेप किया हुआ था निचला हिस्सा और ब्लाउज से जुड़ा पल्लू, हमें कहना होगा कि उन्होंने अपनी पसंद की साड़ी को बहुत ही खूबसूरती से स्टाइल किया था।



# वायु प्रदूषण के बीच ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, नहीं पड़ेगी पार्लर जाने की जरूरत

सर्दियों की शुरुआत से ही वायु प्रदूषण ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। इसकी वजह से लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। वायु प्रदूषण की वजह से लोगों की फेफड़ों और किडनी पर काफी खराब असर पड़ रहा हैं।

शरीर के आंतरिक अंगों के अलावा अब प्रदूषण का असर त्वचा पर भी देखने को मिल रहा है। प्रदूषण की वजह से लोगों की त्वचा रूखी और बेजान हो जा रही है। ऐसे में इस समय त्वचा का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यहां हम आपको सही तरह से प्रदूषण में स्किन केयर करना बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपनी त्वचा का सही से ध्यान रख पाएं।

### त्वचा की सफाई का रखें ध्यान

दिनभर की धूल और प्रदूषण को हटाने के लिए दिन में कम से कम दो बार प्राकृतिक फेसवाश से चेहरे को धोएं। यह त्वचा को



ताजगी देता है और प्रदूषण के कारण होने वाले नुकसान को कम करता है। ध्यान रखें कि आपका फेसवॉश स्किन टाइप के हिसाब से ही होना चाहिए, वरना ये आपकी परेशानी बढ़ा देगा।

### मॉइश्चराइज रखें

बढ़ते प्रदूषण की वजह से त्वचा पर जलन और सूखापन हो सकता है। ऐसे में इस परेशानी से बचने के लिए आपको एक अच्छे मॉइश्चराइजर का उपयोग का उपयोग करना चाहिए। दिन के साथ-साथ रात में नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा ज्यादा खिली-खिली रहे।

### स्क्रब करें

हफ्ते में कम से कम दो बार अपनी त्वचा को स्क्रब करें। वैसे तो बाजार में आपको कई तरह के स्क्रब मिल जाते हैं, लेकिन चाहें तो घरेलू स्क्रब बनाकर उसका उपयोग करें। स्क्रब से आपकी त्वचा अंदर तक साफ हो जाएगी, जोकि प्रदूषण के समय काफी जरूरी है।

### फेस मास्क का उपयोग

इस परेशानी से बचने के लिए आपको मिट्टी के मास्क, शहद और ऑलिव ऑयल जैसे प्राकृतिक तत्वों से बने फेस मास्क का उपयोग करना है। ये त्वचा को गहरी सफाई और पोषण प्रदान करते हैं।

**फैशन**

# वेलवेट पहनकर सर्दियों में बन जाएं हुस्न परी इन मखमली कपड़ों को तुरंत खरीद लाएं



'वेलवेट' जिसे 'मखमल' भी कहते हैं। ये हल्के बुनाई के रोयेंदार रेशमी कपड़ा होता है। पहले के वक्त में लोग इसे सामाजिक, धार्मिक और राजकीय अवसरों पर पहना करते थे. लेकिन आज इस कपड़े को किसी भी ऑकेजन पर पहन सकते हैं। खासतौर पर महिलाओं के लिए वेलवेट कपड़े में बाजार में इतने सारे ऑप्शन हैं कि इनको सेलेक्ट करने में मुश्किलें आ जाती है। इसमें इतनी सुंदर एम्ब्रोइडरी की जाती है कि आप इन्हें शादियों पर भी वियर कर सकती हैं।

**वेलवेट कोट :** महिलाएं इसे वेडिंग में अपनी मैन अट्रैक्शन बना सकती हैं। इसमें रंग बिरंगे कलरों से बहुत खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की जाती है। आप इसे प्लाजो, साड़ी, जींस के साथ पहन कप लुक को शानदार बना सकती है। इसको मुलायम और मोटा कपड़ा गर्म रखने में मदद करेगा।

**वेलवेट वेस्टर्न ड्रेस :** वेलवेट में कई तरह की वेस्टर्न ड्रेस भी मिलती हैं। ये आपको कट, फुल स्लीव्स दोनो में यूनिक डिजाइन में मिलती हैं। अपने फंक्शन के हिसाब से इसे परचेज कर सकती हैं। ये लुक को स्टाइलिश और फैशनेबल बना देगी।

**वेलवेट साड़ी :** कई बार सिर्फ साड़ी के पल्लू में वेलवेट लगा होता है, तो कई बार पूरी की पूरी साड़ी ही वेलवेट की होती है। फुली रेडी होने के बाद जो वेलवेट साड़ी का लुक आता है, वो बेहद शानदार लगता है। ऐसी साड़ियों पर ज्यादातर चौड़े बॉर्डर का वर्क हुआ होता है, जो साड़ी को अच्छे से कवर करता है।

**वेलवेट शॉल :** वेलवेट की शॉल में हेवी एम्ब्रॉयडरी हुई होती है। आप इसे साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं, इसमें सिंपल और हेवी दोनों तरह की शॉल बाजार में मिल जाती है। अगर साड़ी भारी है तो अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए सादा और चौड़े बॉर्डर की शॉल पहन कर ऑकेजन को अटेंड कर सकती हैं।

**वेलवेट सूट :** वेलवेट सूट मार्केट में नार्मल, पाकिस्तानी पैटर्न में बेहद एलिगेंट और यूनिक डिजाइन में बहुत रीजनेबल प्राइस में मिल जाएंगे. अगर आप साड़ी या गाउन जैसा हेवी कपड़ा नहीं पहनना चाहती तो आप इसे ट्राई कर सकती हैं।

# खोने लगा है चेहरे का निखार तो इस्तेमाल करें ये छह चीजें, सर्दियों में भी खिल उठेगी त्वचा

सर्दियों में त्वचा का ख्याल रखना जरूरी होता है, क्योंकि ठंड और शुष्क मौसम त्वचा को रुखा और बेजान बना सकता है। इन 6 चीजों का इस्तेमाल करके आप सर्दियों में भी अपनी त्वचा को चमकदार और मुलायम बना सकते हैं।

दिसंबर का महीना शुरू होते ही सर्दी के मौसम ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह और शाम के वक्त ठंडी हवाएं चलने लगी हैं, जिसकी वजह से न सिर्फ लोगों की तबियत खराब हो रही है, बल्कि साथ ही में उनकी त्वचा भी रूखी और बेजान दिखने लगी है। सर्दियों के मौसम में रूखी और बेजान त्वचा की समस्या हर दूसरे व्यक्ति के सामने आती है। यही वजह है कि लोग सर्दियों की शुरुआत से ही अपनी त्वचा पर खास ध्यान देने लगते हैं।

यदि आप भी चाहते हैं कि सर्दी के मौसम में भी आपका चेहरा हमेशा खिला-खिला रहे तो हम इसमें आपकी मदद करेंगे। हम यहां कुछ ऐसी चीजों के बारे में आपको बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी। खास बात ये है कि इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको किसी तरह का खर्चा नहीं करना पड़ेगा।



### गुलाब जल

गुलाब जल हर किसी के घर में आसानी से मिल जाता है। इसके इस्तेमाल से चेहरा फ्रेश रहता है। सर्दियों के मौसम में यदि आप इसका इस्तेमाल करेंगे तो ये त्वचा को हाइड्रेट और नरम रखेगा।

### नारियल का तेल

सर्दियों में नारियल का तेल त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करता है। रात को सोने से पहले हल्के से नारियल तेल की मसाज करने से त्वचा नरम और मुलायम बनी रहती है। आप हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### शहद

शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसे चेहरे पर 10-15 मिनट के लिए लगाकर धो लें। यह त्वचा को कोमल और चमकदार बनाता है।

# एथनिक के साथ कैरी करना है पोटली बैग तो रखें इन बातों का ध्यान, लुक देखते रह जाएंगे लोग

जब भी कोई महिला एथनिक आउटफिट पहनकर तैयार होती है, तो वो अपने मेकअप से लेकर ज्वेलरी तक का चयन काफी सोच-समझ के करती है। मेकअप और ज्वेलरी के अलावा अब तो मैचिंग के पर्स कैरी करने का भी ट्रेंड है। पर्स और बैग वैसे तो हर आउटफिट के साथ जचते हैं, लेकिन जब बात एथनिक आउटफिट की आती है तो इसके साथ तो हमेशा पोटली ही प्यारी लगती है।

बाजार में आजकल कई तरह के फैब्रिक और वर्क वाली पोटली मिल जाती है। इसका चयन आप अपने आउटफिट के हिसाब से कर सकते हैं। बहुत सी महिलाओं को ये समझ ही नहीं आता कि वो कैसे एथनिक के साथ कैरी पोटली कैरी करें। इसी बारे में हम आपको जानकारी देने जा रहे हैं। इन बातों



को ध्यान में रखकर आप अपने लिए पोटली का चयन कर सकती हैं।

**रंग हो सही :** एथनिक ड्रेस के साथ पोटली बैग का रंग ऐसे चुनें जो आपके पहनावे से मेल खाता हो। अगर आपकी ड्रेस बहुत रंगीन है, तो एक सादा रंग का पोटली बैग अच्छा लगेगा, जबकि सादी ड्रेस के साथ एक रंग-बिरंगा पोटली बैग आकर्षक लगेगा। ध्यान रखें कि ज्यादा चमक-धमक वाला पोटली बैग न सिर्फ आपके लुक को अच्छा बना सकता है, बल्कि ये लुक को बिगाड़ भी सकता है।

**सही फैब्रिक का चयन:** एथनिक के साथ कैरी करने के लिए बाजार में कई तरह के पोटली बैग मिलते हैं। इनके फैब्रिक भी काफी अलग होते हैं। ज्यादातर पोटली बैग सिल्क, जरी, कढ़ाई, मखमल, और जूट में ही बनते हैं। सिल्क और जरी वाले बैग पारंपरिक पहनावे के साथ बेहतरीन दिखते हैं।

**सही हो कढ़ाई :** अगर आपका एथनिक आउटफिट कढ़ाई या अन्य हैवी डिटेलिंग वाला है, तो आपके पोटली बैग पर ज्यादा वर्क नहीं होना चाहिए। इसके विपरीत, अगर आपका पहनावा साधारण है, तो बैग में भरी कढ़ाई या चमकदार बीड्स का प्रयोग करें।

**कार्नर न्यूज**

## फेसवॉश के इस्तेमाल से चेहरे की गंदगी की जाती है साफ

# कहीं आप भी तो फेसवॉश इस्तेमाल करते समय नहीं करते ये गलतियां ?

अक्सर आपने त्वचा विशेषज्ञों को ये कहते सुना होगा कि चेहरे को दिन में कम से कम दो बार धोना चाहिए। चेहरा साफ करने के लिए बाजार में तमाम तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स मिलते हैं। इन प्रोडक्ट्स में फेसवॉश सबसे अहम है। फेसवॉश के इस्तेमाल से चेहरे की गंदगी साफ की जाती है। ऐसा माना जाता है कि चेहरे पर साबुन की जगह फेसवॉश ही इस्तेमाल करना चाहिए। पर, क्या आप जानते हैं कि फेसवॉश के इस्तेमाल का भी अलग तरीका होता है। आप इससे साबुन की तरह रगड़-रगड़ कर चेहरा साफ नहीं कर सकते। इसके अलावा भी कई बातें हैं जिनका ध्यान आपको फेसवॉश का इस्तेमाल करते समय करना है। इन बातों का ध्यान रखकर आप अपने चेहरे को फेसवॉश की मदद से दमका सकते हैं।



### गलत फेसवॉश का चुनाव

हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में हमेशा अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार फेसवॉश चुनें। गलत प्रोडक्ट से त्वचा में जलन, सूखापन, या अतिरिक्त तेल की समस्या हो सकती है। ऐसे में खरीदने से पहले अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें।



### बार-बार फेसवॉश इस्तेमाल करना

बहुत से लोग दिन में कई-कई बार फेसवॉश करते हैं। जबकि दिन में दो बार से ज्यादा चेहरा धोने से त्वचा का नेचुरल ऑयल खत्म हो सकता है। बार-बार धोने से त्वचा रूखी हो सकती है।

### बहुत ज्यादा ठंडा या गर्म पानी का इस्तेमाल

फेसवॉश करते समय हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। ज्यादा गर्म पानी त्वचा को रूखा बना सकता है, और ठंडा पानी गंदगी को ठीक से साफ नहीं कर पाता। ऐसे में हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### टाइट से रगड़ना

अक्सर लोग चेहरे को टाइट से रगड़ लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। फेसवॉश करते समय चेहरे को हल्के हाथों से मसाज करें। ज्यादा जोर से रगड़ने से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है।